हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

पत्नी बार-बार बेहोश सदमे में डूबे नौ साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

एजेंसी/बालासोर। सदमे में डूबा नौ वर्षीय तनुज अपने बड़ों के निर्देशों का पालन करते हुए अपने पिता प्रशांत सत्पथी की चिता को मुखाग्नि देते समय कुछ भी समझ नहीं पा रहा था। प्रशांत की पत्नी प्रिया दर्शिनी गमगीन होकर किसी को भी शव को छूने नहीं दे रही थीं और शव को श्मशान ले जाने से मना कर रही थीं। वह थोड़ी-थोड़ी देर में शव से लिपट जाती थीं। बाद में वह बेहोश हो गईं।

छुट्टियों में गए थे कश्मीर

प्रशांत (41) 'सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' के कर्मचारी थे। वे अपनी पत्नी और बेटे के साथ छुट्टियों में जम्मू कश्मीर के पहलगाम गए थे। प्रशांत के बड़े भाई सुशांत यहां श्मशान में कई बार बेहोश हुए।

नींद से उठकर पूछ रहा मासूम, पापा कहां हैं...

एजेंसी/कोलकाता। हर बार जब उनका नन्हा बेटा नींद से उठता है तो अपनी तोतली आवाज में यही सवाल दोहराता है कि 'पापा कहां हैं? क्या वह कहीं गए हैं?' मासूम के ये सवाल उसकी मां को झकझोर कर रख देते हैं, जिनका उसके पास कोई जवाब नहीं होता। साढ़े तीन साल के बच्चे के पिता बितान अधिकारी को आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम की खूबसूरत वादियों में गोली मार दी।

बिंदी हटा दी और अल्लाहु अकबर कहा, फिर भी ...

एजेंसी/पुणे। हमले में अपने पति को खोने वाली पुणे की एक महिला ने कहा कि जब हमलावरों को पुरुषों से अजान पढ़ने के लिए कहते देखा तो उन्होंने और समूह की अन्य महिलाओं ने तुरंत अपने माथे से बिंदी हटा दी और अल्लाहु अकबर कहना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन अपनी धार्मिक पहचान छिपाने के ये प्रयास विफल हो गए, क्योंकि बंदूकधारी आतंकवादियों ने महिला के पति और उसके मित्र को भी नहीं बख्शा।

आईबी अधिकारी का शव घर पहुंचते ही रो पड़े पिता

रांची/झालदा। हमले में मारे गए आसूचना ब्यूरो अधिकारी मनीष रंजन का शव जैसे ही पुरुलिया जिले में स्थित उनके घर पहुंचा तो उनके पिता एम.के. मिश्रा असहनीय पीड़ा से बिलख उठे। एम.के. मिश्रा पश्चिम बंगाल के झालदा में से वा नि वृ त्त प्राधानाध्यापक है। उनके 33 वर्षीय बेटे का पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचा। मैं बोलना नहीं चाहता... कृपया मुझे अकेला छोड़ दीजिए।

अलविदा दिनेश... विदाई देते पत्नी बेसुध

मुख्यमंत्री, गृहमंत्री ने शव को दिया कंधा

हरिभूमि न्यूज/रायपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकी हमले में मारे गए रायपुर, समता कालोनी निवासी कारोबारी दिनेश मिरानिया का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। कारोबारी को उनके बेटे शौर्य ने मारवाड़ी मुक्तिधाम में मुखाग्नि दी। इस दौरान मौके पर उपस्थित परिजन तथा कारोबारी के शुभचिंतकों की आंखें नम हो गईं। मुखाग्नि देने के बाद रो रहे बटे को मौके पर उपस्थित परिजन ढाढ़स बंधाते हुए चुप कराने की कोशिश करते दिखे। शव यात्रा के पूर्व दिनेश को घर में अंतिम विदाई देते हुए उनकी पत्नी नेहा पति का शव देख बेसुध हो गई। परिजनों ने मृतक की पत्नी को संभाला और घर के अंदर लेकर गए। कारोबारी को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास बातें

- पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को देशभर में दी गई श्रद्धांजलि
- पहलगाम हमले के बाद फंसे पर्यटकों के लिए कटरा से दिल्ली के लिए दूसरी विशेष ट्रेन रवाना
- भारत के समय-सीमा तय करने के बाद पाक नागरिक अटारी-वाघा सीमा मार्ग से लौटने लगे
- पहलगाम हमले में मारे गए 26 लोगों में सिर्फ एक विदेशी : सरकार
- जम्मू कश्मीर में फंसे महाराष्ट्र के 65 पर्यटकों का पहला समूह मुंबई पहुंचा
- वाघा बॉर्डर पर बीएसएफ ने की रिट्रीट सेरेमनी, लेकिन बंद रखे गए गेट
- हमले में घायल पर्यटकों से मिलने आज कश्मीर जाएंगे राहुल गांधी
- भारत सरकार ने अपने नागरिकों को जल्द भारत लौटने की दी सलाह
- 28 पाकिस्तानी को उनके देश भेजा, 105 भारतीय अपने घर लौटे

पहलगाम हमले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश

सर्वदलीय बैठक में सरकार ने मानी चूक

टूर ऑपरेटर्स ने जून से पहले ही खोल दिया रूट, इसलिए फोर्स नहीं थी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में गुस्सा है। पाकिस्तान पर पांच पाबंदियों के बाद गुरुवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में हमले की तीखी निंदा करते हुए विपक्ष ने सरकार के हर एक्शन पर साथ देने की बात कही। बैठक में सरकार ने सुरक्षा में चूक स्वीकार की। इसके पीछे स्थानीय टूर ऑपरेटर्स की जल्दबाजी का हवाला दिया गया है। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी जिले से कड़ा संदेश दिया। उन्होंने पाकिस्तान परस्त आतंकियों और उनके आका को पहले हिंदी में सख्त चेतावनी दी। पीएम ने कहा, अब और नहीं, आतंकवादियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले 26 पर्यटकों की मौत के बाद अब केंद्र सरकार एक्शन मोड में है। इस बीच, सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में सरकार का कहना था कि आमतौर पर इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है, जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है। आमतौर पर इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है, जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है क्योंकि अमरनाथ यात्रा के यात्री इस जगह पर रेस्ट करते हैं। इस बार लोकल टूर ऑपरेटर्स ने सरकार को बिना जानकारी दिए हुए वहां पर टूरिस्ट की बुकिंग लेनी शुरू कर दी और 20 अप्रैल से वहां पर टूरिस्ट को ले जाना शुरू कर दिया, जिसकी जानकारी लोकल अथॉरिटीज को नहीं थी। इस वजह से वहां पर डेप्लॉयमेंट नहीं किया गया, क्योंकि इस जगह पर अमरनाथ ▶▶| शेष पेज 6 पर

- सर्वदलीय बैठक में हमले की निंदा, विपक्ष ने कहा- सरकार के हर कदम में साथ

आतंकवादियों को मिलेगी कल्पना से भी बड़ी सजा

बिहार के मधुबनी में आयोजित एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को 'उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा देने' का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि अब आतंकियों की 'बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने' का समय आ गया है। यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है बल्कि देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। उन्होंने कहा, भारत एक एक आतंकवादी की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें सजा देगा।

सरकार के हर एक्शन पर सपोर्ट

सर्वदलीय बैठक के बाद राहुल गांधी ने बताया कि हर एक्शन पर सरकार को पूरा सपोर्ट है। सर्वदलीय बैठक दो घंटे चली। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

लौटने लगे पाकिस्तानी

केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे की समय-सीमा दिए जाने के एक दिन बाद इस पड़ोसी देश के कई नागरिक अटारी-वाघा सीमा मार्ग से स्वदेश लौटने लगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री के अनुसार, पाकिस्तानी नागरिकों को दक्षेस वीजा छूट योजना के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वायुसेना ने शुरू किया सैन्य अभ्यास

भारतीय वायुसेना ने 'एक्सरसाइज आक्रमण' के तहत एक बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू किया, जिसमें पहाड़ी और जमीनी लक्ष्यों पर हवाई हमलों का अभ्यास किया गया। युद्धाभ्यास इस वक्त सेंट्रल सेक्टर में चल रहा है।

राष्ट्रपति से मिले शाह-जयशंकर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी है।

घायलों का मुफ्त इलाज कराएंगे अंबानी

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों के लिए मुफ्त इलाज की पेशकश की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। सभी घायलों को मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन सर एचएन अस्पताल में मुफ्त इलाज की पेशकश की जाएगी।

पाकिस्तानी प्रतिक्रिया

भारत के एक्शन से बिलबिलाया पाक

पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत की तरफ से उठाए गए कदमों के जवाब में पाकिस्तान ने बड़ा फैसला लिया है।

- भारत के साथ हुआ शिमला समझौता सस्पेंड किया गया।
- वाघा बॉर्डर से व्यापार पूरी तरह बंद कर दिया गया है। 30 अप्रैल तक जिन लोगों ने वैध कागजों के साथ इस रास्ते से पाकिस्तान प्रवेश किया है, उन्हें वापस लौटने को कहा गया है।
- सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारतीय नागरिकों को दी गई वीजा छूट खत्म कर दी गई है। हालांकि, सिख तीर्थयात्रियों को इससे छूट दी गई है।
- भारतीय हाई कमीशन में काम कर रहे सैन्य सलाहकारों-डिफेंस, नेवी और एयर अटैची को 'पर्सोना नॉन ग्रेटा' घोषित कर दिया गया है। उन्हें और उनके सहायक स्टाफ को 30 अप्रैल तक पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है।
- इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के कर्मचारियों की संख्या घटाकर 30 कर दी जाएगी।
- पाकिस्तानी एयरस्पेस को अब भारतीय स्वामित्व या संचालन वाली सभी एयरलाइनों के लिए बंद कर दिया गया है।
- पाकिस्तान ने सभी तरह का व्यापार- चाहे वह सीधे भारत से हो या किसी तीसरे देश के जरिए, तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है।

गरियाबंद में दो साल बाद गूंजी बाघ की दहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से बड़ी खबर सामने आई है। करीब 2 साल 6 महीने बाद एक बार फिर टाइगर ने इस रिजर्व क्षेत्र के जंगलों में दस्तक दी है। बाघ की मौजूदगी की पुष्टि होते ही वन विभाग ने आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

24 अप्रैल को कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र के जंगल में चिरौंजी बीनने गए ग्रामीण देर्लाल सोरी ने पेट्रोलिंग पार्टी को जानकारी दी कि जंगल में बाघ के पदचिन्ह ▶▶| शेष पेज 6 पर

जंगल में अकेले न जाने की सलाह जारी

यह समय चारागाह और तेंदूपत्ता संग्रहण का है, वन विभाग ने आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को अकेले जंगल न जाने की सलाह दी है। सुरक्षा बढ़ाने के लिए पेट्रोलिंग में तेजी ▶▶| शेष पेज 6 पर

डीएनए किया गया प्लास्टर ऑफ पेरिस से संरक्षित

उप संचालक स्तर के अधिकारी ने भी क्षेत्र का दौरा किया और दो अलग-अलग आकार के बाघों के पदचिन्ह की पुष्टि की, जिन्हें प्लास्टर ऑफ पेरिस की मदद से संरक्षित किया गया है। इसके साथ ही बाघ के मल की तलाश की जा रही है, ताकि डीएनए सैंपल टाइगर सेल, देहरादून भेजे जा सकें।

44.2 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म

अगले 48 घंटों तक रायपुर में ग्रीष्म लहर का अलर्ट, दुर्ग में पारा 45 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर और दुर्ग संभाग के एक-दो स्थानों पर आने वाले दो दिनों के लिए ग्रीष्म लहर चलने की चेतावनी मौसम विभाग द्वारा दी गई है। लगभग पूरे प्रदेश का तापमान 40 डिग्री पार कर चुका है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

- फिलहाल नहीं मिलेगी गर्मी से राहत, राजधानी का तापमान 43.7 डिग्री

26 को बस्तर संभाग में बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल मे द्रोणिका के रूप में 69 डिग्री पूर्व और 31 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका मध्य छत्तीसगढ़ से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके प्रभाव से 25 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क ▶▶| शेष पेज 6 पर

हेलीकाप्टर से जवानों तक पहुंचाया जा रहा रसद

5000 जवानों ने टॉप नक्सलियों को घेरा, 72 घंटे में पांच मार गिराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया है। मुठभेड़ में अभी पांच नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इनमें से तीन महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ में मारे गए तीन महिला नक्सली पीएलजीए बटालियन नंबर 1 की मेंबर बताई जा रही हैं। घटनास्थल से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार भी बरामद हुआ है। वहीं 100 से अधिक आईईडी निष्क्रिय किया गया है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

वायु सेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर और ड्रोन तैनात

पिछले 72 घंटे से जारी आपरेशन के लिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस वायु सेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर को जगदलपुर, बीजापुर, तेलंगाना, आंध्र और महाराष्ट्र में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा ड्रोन के जरिए पूरे इलाके की निगहबानी की जा रही है। हेलीकॉप्टर के जरिए जवानों को खाद्य सामग्री भेजी जा रही है। इस ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ समेत देशभर की ▶▶| शेष पेज 6 पर

15 माह से जवान मजबूती से चला रहे आपरेशन-साय

करेंगुट्टा मुठभेड़ को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले 15 महीने से लगातार हमारे जवान मजबूती के साथ नक्सलवाद से लड़ रहे हैं। अभी तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने को लेकर सीएम साय ने कहा कि अभी ऑपरेशन जारी है। थोड़ा इंतजार करना होगा।

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा खिलाड़ी छात्रों के मानदेय में वृद्धि की गई है। यह बढ़ोतरी महंगाई के चलते की गई है। कार्यपरिषद द्वारा वृद्धि संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी गई है, जिसके बाद खेलों का हिस्सा बनने वाले छात्रों को नवीन दरों के अनुसार खेल भत्ता प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर स्तर, महाविद्यालयीन स्तर पर तथा विश्वविद्यालयीन स्तर पर होने खेलों में हिस्सा लेने वाले छात्रों को अब तक 150 रुपए प्रदान किए जाते थे, लेकिन अब उन्हें 300 रुपए प्रदान किए जाएंगे।

महंगाई का असर डाइट पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य स्तर पर होने वाली प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को 200 की जगह 400 रुपए दिए जाएंगे। यह राशि प्रतिदिन के हिसाब से प्रदान की जाएगी। इसी तरह खिलाड़ी छात्रों अथवा टीम के साथ जाने वाले प्रबंधक, प्रशिक्षक, कोच व मैनेजर के भत्ते में भी वृद्धि की गई है। पूर्व में इन्हें 300 रुपए प्रदान किए जाते थे, लेकिन अब 500 रुपए दिए जाएंगे। गौरतलब है कि टूर्नामेंट के दौरान प्रदान की जाने वाली इस राशि से खिलाड़ी छात्रों को अपने भोजन, डाइट इत्यादि का खर्च वहन करना होता है। महंगाई बढ़ने के बाद पूर्व निर्धारित दरों में छात्रों को मुश्किलें आ रही थीं। इस कारण ही राशि वृद्धि का निर्णय लिया गया।

रविवि ने दोगुना किया खिलाड़ियों का भत्ता, कोच को भी मिलेंगे ज्यादा पैसे

ग्रंथालय में होंगे कार्यपरिषद के सदस्य

रविवि परिसर स्थित पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथालय की समिति में अब कार्यपरिषद के सदस्य भी होंगे। कार्यपरिषद में से दो सदस्यों का चुनाव इस समिति के लिए किया जाएगा। कुलपति इन सदस्यों का चुनाव करेंगे। व्यवस्था बेहतर करने यह प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा नवीन सत्र के लिए पुस्तक आपूर्ति के लिए पूर्व फर्मों से अनुबंध को एक-एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है।

नवापारा व भखारा में हिंदी शोध केंद्र

पीएचडी को बढ़ावा देने के लिए रविवि द्वारा दो महाविद्यालयों को हिंदी शोध केंद्र की मान्यता प्रदान की गई है। अर्थात अब इन महाविद्यालयों में हिंदी विषय में शोध कार्य हो सकेंगे। इनमें नवापारा राजिम स्थित सेठ फूलचंद अग्रवाल कॉलेज तथा भखारा स्थित महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नानकोत्तर महाविद्यालय शामिल है। नए शैक्षणिक सत्र से इन कॉलेजों में छात्र निर्धारित मापदंड पूर्ण करने वाले प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में शोध कर सकेंगे। इन महाविद्यालयों द्वारा पूर्व में शोध केंद्र के लिए आवेदन किया गया था। निरीक्षण के बाद रविवि ने इन्हें शोध केंद्र के रूप में मान्यता प्रदान की है।

खबर संक्षेप

भाजपा नेता की हत्या, एनआईए ने कांग्रेस नेता को रायपुर से किया अरेस्ट

रायपुर। बस्तर नारायणपुर में दो वर्ष पूर्व वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के तीन दिन पूर्व भाजपा नेता, जिला पंचायत सदस्य रतन दुबे की हत्या मामले की जांच कर रही एनआईए की टीम ने युवा कांग्रेस के महासचिव को रायपुर से गिरफ्तार किया है। कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के बाद एनआईए की टीम जगदलपुर एनआईए कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने रिमांड हासिल कर सकती है। एनआईए ने नारायणपुर जिला युवक कांग्रेस के महासचिव शिवानंद नाग को मौदहापारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। भाजपा नेता की हत्या के बाद शिवानंद फरार हो गया था, जिसकी एनआईए तलाश कर रही थी। भापजा नेता की हत्या के बाद नक्सलियों ने पर्चा जारी किया था। पर्चा में रतन दुबे पर धर्मांतरण के मुद्दे पर आदिवासियों को आपस में लड़वाने का आरोप लगाया गया था। इसके अलावा आमदाई खदान का समर्थन और सुरक्षाबलों का कैंप बैठाने में सहयोग करने का नक्सलियों ने रतन पर आरोप लगाया था। इसीलिए पीएलजीए ने उसे मौत की सजा दी सुनाई थी।

आतंकी हमले का असर, जाने वाले नहीं अब आने वालों की भीड़

अमरनाथ व वैष्णो देवी यात्रा से रायपुर के श्रद्धालु पीछे हटे, सभी बुकिंग रद्द

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 पर्यटकों की जान गई, के बाद से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रायपुर से जाने वाले यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। अधिकतर यात्रियों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी है, जिससे दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस में वेटिंग लिस्ट भी सामान्य हो गई है। शहर की विभिन्न ट्रैवल एजेंसियों से बातचीत में पता चला कि घटना के बाद कश्मीर घूमने गए सभी यात्री अब रायपुर लौटना चाहते हैं। हालांकि, वर्तमान में जम्मू तवी से वापसी की ट्रेनों में भीड़ और वेटिंग के कारण यात्री सीधे दिल्ली की ओर रुख कर रहे हैं।

रेलवे की ओर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा से एक अन्य विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को चलाई जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में भोजन व पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। हेल्प डेस्क से यात्रियों को सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता अनुसार और विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस आतंकी हमले ने कश्मीर में पर्यटन पर गहरा प्रभाव डाला है। पहलगाम क्षेत्र में हुए इस हमले के बाद पर्यटकों में भय का माहौल है, जिससे यात्रा योजनाओं में बदलाव देखा जा रहा है।

जम्मू से दिल्ली लौटने के लिए यात्रियों की भीड़, ट्रेनों में 100 से अधिक वेटिंग

अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण से पीछे हटने लगे यात्री

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का सीधा असर धार्मिक यात्राओं पर पड़ने लगा है। रायपुर से हर साल बड़ी संख्या में अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इस बार गिरावट देखी जा रही है। अमरनाथ यात्रा समिति के अनुसार जो श्रद्धालु इस महीने यात्रा की तैयारी में थे, अब वे पंजीकरण से पीछे हटने लगे हैं। लोगों में डर का माहौल है और यात्रा की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, वैष्णो देवी यात्रा के लिए भी यात्रियों की पूछपरख लगभग थम चुकी है। कई यात्रियों ने फिलहाल यात्रा स्थगित करने का निर्णय लिया है।

कश्मीर से लौटना चाह रहे यात्रियों की भीड़, 8 ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार

जम्मूतवी से दिल्ली लौटने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। 8 प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग 100 से ऊपर पहुंच गई है, जबकि 4 ट्रेनों में वेटिंग 140 तक हो चुकी है। कश्मीर से लौटने की होड़ के चलते रायपुर के यात्री भी कंफर्म टिकट के लिए ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क कर रहे हैं। सामान्य दिनों में जहां रायपुर से जम्मूतवी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग होती थी, वहीं अब यह घटकर 40 के आसपास रह गई है

कटरा से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन

उत्तर रेलवे ने श्री माता वैष्णों देवी कटरा से नई दिल्ली के बीच विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। कटरा से एक विशेष ट्रेन बुधवार को चलाई गई। दूसरी विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को अपराह्न 10.50 बजे कटड़ा से रवाना होगी। रास्ते में यह बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, लुधियाना व अंबाला में रुकेगी। इसमें वातानुकूलित श्रेणी के कोच लगेंगे।

मुआवजा व पुनर्वास का मामला

हाईकोर्ट ने शासन, बालको प्रबंधन पर्यावरण विभाग को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बालको प्रबंधन के कूलिंग टावर और कोल यार्ड से प्रभावित 208 परिवारों के पुनर्वास से वंचित रखने के मामले में हाईकोर्ट ने बालको प्रबंधन के साथ राज्य शासन और पर्यावरण विभाग को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को प्रत्युत्तर के लिए दो सप्ताह समय देकर जवाब आने पर ही अगली सुनवाई सुनिश्चित की है। शांतिनगर व रिंग रोड बस्ती के करीब 208 परिवार बालको के कूलिंग टॉवर के साथ विद्युत संयंत्र के कोल यार्ड के गंभीर प्रदूषण से प्रभावित होने के कारण इस क्षेत्र के निवासियों में अनके स्वास्थ्यगत बीमारी हो रही है। लोगों में चर्म रोग, श्वास रोग, हृदय रोग, आंखों में जलन आदि समस्या होने के कारण शांतिनगर पुनर्वास समिति तथा तितिक्षा सामाजिक संगठन के डिलेन्द्र यादव आर नरायण, निखिल मित्तल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कहा कि कोयला यार्ड के निर्माण के कारण याचिकाकर्ता प्रभावित पक्ष हैं, इसलिए राज्य की नीति के अनुसार उन्हें मुआवजा तथा पुर्नवास दिया जाना आवश्यक है।

प्रतिवादियों को चार हफ्ते का समय

प्रतिवादियों के अधिवक्ता ने रिटर्न दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर समय प्रदान किया। इसके बाद याचिकाकर्ता को प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया गया।

Raheja Group
www.rahejagroup.co

Raheja AMBARA

PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS

Live Life Limitless!

Book to avail launch benefits on 26th & 27th April

CLUB AMENITIES
- Swimming Pool
- Indoor Badminton Court
- Toddlers Play Area
- Indoor Games Area
- Banquet Hall
- Mini Theatre
- Well Equipped Gym
- Guest Room

OTHER FACILITIES
- Kids Play Area
- Temple
- Landscaped Gardens
- Open Gym

OUTDOOR SPORTS FACILITIES
- Lawn Tennis Court
- Basket Ball Court
- Pickle Ball Court
- Skating Rink

Member of CREDAI CHHATTISGARH

Behind Zora Mall, Pirda, Raipur

RERA NO. : PCGRERA310125001875 | RERA WEBSITE : www.rera.cgstate.gov.in

8225911300

Scan to locate

बिलासपुर

शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

वैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी

वर्ष : 25, अंक : 34

पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 43.7

न्यून. 25.4

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अब संपत्ति खरीदने वालों को नहीं होगी परेशानी

राज्य सरकार के इस फैसले का व्यापक असर होने की संभावना है। दरअसल, राज्य में दशकों से यह व्यवस्था बनी हुई थी कि अगर कोई व्यक्ति जमीन, मकान या अन्य कोई संपत्ति खरीदता है तो उसका पंजीयन रजिस्ट्री दफ्तर यानी पंजीयन कार्यालय में किया जाता है। यहां तक की प्रक्रिया आसान है। लेकिन पंजीयन के बाद भी संपत्ति खरीदने वाला मालिक तब तक नहीं बनता है, जब तक उसके नाम पर संपत्ति का नामांतरण या प्रमाणी करण न हो। लेकिन अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद संपत्ति खरीदने वालों को मालिक बनने में देर नहीं लगेगी। क्योंकि पंजीयन होने के बाद ही रजिस्ट्रार या सब रजिस्ट्रार नामांतरण कर सकेंगे। सरकार ने उन्हें ये अधिकार दे दिया है।

पटवारी,तहसीलदार के पास जाने की जरुरत नहीं

नामांतरण को लेकर लोगों की परेशानी उस समय शुरु होती थी, जब वे अपनी संपत्ति के पंजीकृत दस्तावेज लेकर अपने क्षेत्र के पटवारी या तहसीलदार के पास जाते थे। ऐसी हजारों शिकायतें होती थी कि पटवारी बिना लेनदेन किए नामांतरण की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाते थे। संपत्ति खरीदने वाले से उनके मूल दस्तावेज लेने के बाद पटवारी 15 दिन से लेकर 2-3 माह का समय इसी काम में लगाते थे। आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार होता था। यही नहीं नामांतरण में देरी की वजह से एक जमीन या मकान कई-कई बार बिक जाते थे, क्योंकि रिकार्ड में पुराने मालिक का ही नाम चढ़ा होता था।

अब घर बैठे दर्ज हो जाएगा खरीदार मालिक का नाम

पटवारी और तहसीलदारों से मिलेगी छुट्टी...संपत्तियों के नामांतरण का अधिकार अब रजिस्ट्रार को, रुकेगा फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में संपत्तियों के नामांतरण के मामले में राज्य शासन ने एक बहुत बड़ा बदलाव किया है। राज्य में अब तक संपत्तियों के पंजीयन के बाद नामांतरण का अधिकार तहसीलदार के पास होता था। अब यह अधिकार पंजीयन कार्यालय के रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार के हाथों होगा। खास बात ये है कि जमीन जायदाद के कारोबार और पंजीयन प्रक्रिया के जानकार इसे संपत्ति क्षेत्र के लिए ⏭शेष पेज 6 पर

- राज्य शासन ने कई बदलाव किए
- पोर्टल के माध्यम से तुरंत होगा नामांतरण

सरकार ने किया है ये बदलाव

छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधान के मुताबिक खरीद तथा बिक्री से प्राप्त भूमि अंतरण(ट्रांसफर) के सरलीकरण हेतु किसी भूमि स्वामी के द्वारा धारित भूमि या भूमि का भाग (खसरा या भू-खण्ड), जिनका पंजीकृत विक्रय के आधार पर अंतरण किया जाता है, ऐसे भूमि के नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों पर, उक्त संहिता की धारा 110 के अधीन तहसीलदार को प्राप्त नामांतरण की शक्तियां, जिले में पदस्थ रजिस्ट्रार या सब रजिस्ट्रार जो अपने क्षेत्राधिकार में पंजीकृत विक्रय पत्र के निष्पादन हेतु अधिकृत है, को प्रदान करती है।

तैयार हो रहा है पोर्टल

नामांतरण का अधिकार रजिस्ट्रार-सब रजिस्ट्रार को दिए जाने के साथ ही इस प्रक्रिया को लागू करने के लिए बदलाव किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस काम के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्री होने के तुरंत बाद ही नामांतरण हो जाएगा। इस प्रक्रिया से संपत्ति का फर्जी नामांतरण पूरी तरह से बंद हो जाएगा।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

स्कोर बोर्ड

INDIAN PREMIER LEAGUE

बेंगलुरु 205/5 VS राजस्थान 194/9

11 रन से जीता बेंगलुरु

4 विकेट : जोश हेजलवुड

प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

चेन्नई VS हैदराबाद

समय : शाम 7.30 बजे

खबर संक्षेप

ट्रंप टैरिफ पर गुस्सा, कोर्ट में 12 अमेरिकी राज्य

न्यूयॉर्क। अमेरिका के 12 राज्यों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के

नेतृत्व वाले प्रशासन की शुल्क नीति को अवैध बताते हुए इसके खिलाफ यहां 'यूएस कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड' में मुकदमा दायर किया। मुकदमे में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की इस नीति ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अराजकता पैदा कर दी है।

ईडी ने की 'फिटजी' के खिलाफ छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने कोचिंग संस्थान 'फिटजी' के

खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई परिसरों पर छापे मारे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान करने वाले 'फिटजी' ने हाल में अपने केंद्र अचानक बंद कर दिए थे।

तीन करोड़ के ड्रग्स बरामद, तस्कर गिरफ्तार

गुवाहाटी। कछार जिले में एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार कर तीन करोड़ रुपए मूल्य के मादक

पदार्थ बरामद किए गए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि यह अभियान बुधवार को जिले के सिल्दुबी इलाके में चलाया गया। सिल्दुबी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद।

मुर्शिदाबाद में हिंसा, पांच आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगों में कथित संलिप्तता के लिए पुलिस ने पांच

और लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए कुल लोगों की संख्या 307 हो गई है। विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किए गए लोगों का दंगों से सीधा संबंध था। दंगों में तीन लोग मारे गए थे और कई घायल हो गए थे।

ये आंकड़े चौंकाने वाले...शारीरिक हिंसा, यौन शोषण जैसे मामले आए सामने, बड़ा कारण-नशा

बच्चों के खिलाफ तीन साल में 19 हजार केस, बच्चों ने भी किए 6 हजार अपराध

जिया कुरैशी ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में होने वाले तरह-तरह के अपराधों के बीच बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में पिछले दो साल के मुकाबले 2024 में बढ़े हैं। किसी भी आपराधिक व्यक्ति के लिए बच्चों को निशाना बनाना सबसे आसान होता है, यही कारण है कि बच्चों के खिलाफ तीन साल में करीब 19 हजार मामले पुलिस में दर्ज किए गए हैं। दूसरी ओर देखा जाए, तो बच्चे भी किसी न किसी रूप में अपराध की घटनाओं में शामिल हो रहे हैं। बच्चों द्वारा तीन साल में किए गए अपराधों की संख्या 6 हजार से अधिक है।

आंकड़े चिंताजनक

बच्चों के खिलाफ अपराधों के आंकड़े और भी गंभीर हैं। 2022 में 6325 मामले दर्ज हुए, जो 2023 में 5 प्रतिशत घटकर 5972 हो गए, लेकिन 2024 में यह संख्या बढ़कर 6474 हो गई, जो 2023 की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि और 2022 के स्तर को पार करने का संकेत देता है। इनमें यौन शोषण, अपहरण, शारीरिक हिंसा और बाल श्रम जैसे अपराध प्रमुख हैं। कुल मिलाकर पिछले तीन साल में बच्चों के खिलाफ 19 हजार से अधिक अपराध दर्ज किए गए हैं।

बच्चे भी हो रहे हैं अपराध में शामिल

राज्य पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बच्चों द्वारा किए गए अपराध वर्ष 2022 में 2228, वर्ष 2023 में 1865 और वर्ष 2024 में 1963 दर्ज किए गए। वहीं, बच्चों के खिलाफ अपराधों की संख्या 2022 में 6325, 2023 में 5972 और 2024 में 6474 रही। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि बच्चों से संबंधित अपराधों का ग्राफ उतार-चढ़ाव के साथ चिंताजनक बना हुआ है। पिछले तीन साल में बच्चों के हाथों 6 हजार से अधिक अपराध के मामले राज्य में दर्ज किए गए हैं।

बच्चों के खिलाफ अपराध चिंताजनक

इसलिए बच्चे बन रहे हैं अपराधों का निशाना

बच्चों के खिलाफ अपराधों की वृद्धि के पीछे सामाजिक असमानता, जागरूकता की कमी और कमजोर कानूनी कार्रवाई प्रमुख कारण हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह, बाल श्रम और यौन शोषण जैसे अपराध अभी भी प्रचलित हैं। शहरी क्षेत्रों में बच्चों का शोषण अपहरण और मानव तस्करी जैसे रूपों में सामने आता है। परिवारों में बच्चों की सुरक्षा के प्रति उदासीनता और सामुदायिक स्तर पर निगरानी की कमी भी इन अपराधों को बढ़ाती है। इसके अलावा, कुछ मामलों में माना जाता है कि पुलिस और प्रशासन की सुस्ती पीड़ित बच्चों को न्याय दिलाने में बाधा बनती है।

मारपीट, चोरी से लेकर हत्या जैसे गंभीर मामले : पुलिस मुख्यालय के आंकड़े बताते है कि 2022 में बच्चों द्वारा अपराधों की संख्या 2228 थी, जो 2023 में घटकर 1865 हो गई, यानी लगभग 16% की कमी। यह कमी पुलिस की सख्ती, जागरूकता अभियानों और किशोर ⏭शेष पेज 6 पर

इन कारणों से हो रहे हैं ये अपराध

बच्चों द्वारा अपराध बढ़ने के पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारण हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गरीबी, शिक्षा का अभाव, पारिवारिक विघटन और नशे की लत प्रमुख कारक हैं। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को अपराध की ओर धकेलने में सामाजिक अस्थिरता और बेरोजगारी भी भूमिका निभाती है। सोशल मीडिया और हिंसक सामग्री का प्रभाव भी किशोरों को गलत दिशा में ले जा रहा है। इसके अलावा, किशोर न्याय प्रणाली में सुधार की कमी और पुनर्वास कार्यक्रमों का अपर्याप्त होना भी अपराधों को बढ़ावा देता है।

बच्चों के खिलाफ अपराध

बच्चों के खिलाफ अपराधों के आंकड़े और भी गंभीर हैं। 2022 में 6325 मामले दर्ज हुए, जो 2023 में 5% घटकर 5972 हो गए। लेकिन 2024 में यह संख्या बढ़कर 6474 हो गई, जो 2023 की तुलना में 8% की वृद्धि और 2022 के स्तर को पार करने का संकेत देता है। इनमें यौन शोषण, अपहरण, शारीरिक हिंसा और बाल श्रम जैसे अपराध प्रमुख हैं।

और इधर, ऐसी घटना

नाबालिग ने नशेड़ी पिता को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- शराब और झगड़े ने पिता को पहुंचा दिया काल के गाल में

प्रतिदन के लड़ाई-झगड़े और शराबखोरी से तंग आकर 15 साल की नाबालिग बालिका ने अपने पिता की हत्या कर दी है। नाबालिग बालिका को किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस से मामले के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को थाना बागबहार को सूचना मिली, कि पास के ग्राम का निवासी उम्र 50 साल का शव उसके खाट में पड़ा हुआ है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा टांगी से सिर में वारकर हत्या कर दी गई है। थाना बागबहार ⏭शेष पेज 6 पर

पड़ोसियों को किया गुमराह

विवेचना के दौरान पाया गया कि 21 अप्रैल की रात्रि लगभग 9.30 बजे नाबालिग बालिका अपने घर से निकलकर पड़ोस के घर के एक परिवार के यहां जाकर रोने लगी। परिवार के सदस्यों द्वारा उससे पूछा गया कि क्यों रो रही हो,तब बालिका बोली कि उसके पिताजी को कोई अज्ञात व्यक्ति ने टांगी से मार दिया है, खून निकल रहा है। गवाहों द्वारा अपने कथन में मृतक की नाबालिग बालिका के उपर हत्या का संदेह करना बताने पर उसकी मां के ⏭शेष पेज 6 पर

पिता ने किया झगड़ा तो कर दी हत्या

बालिका ने अपराध स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि पिता आये दिन शराब के नशे में इसे व इसकी मां को गाली-गलौज कर लड़ाई-झगड़ा करते रहता था। इससे परेशान होकर मृतक की पत्नी 21 अप्रैल के शाम 5 बजे अपने मायके चली गई। इसके बाद बालिका का पिता बस्ती की तरफ जाकर शराब पीया और रात्रि लगभग 9 बजे वापस अपने घर आया। घर में ⏭शेष पेज 6 पर

पाक रेंजर्स से फ्लैग मीटिंग बेनतीजा

पाकिस्तान की हिरासत में बीएसएफ जवान, 24 घंटे बाद भी नहीं छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पंजाब के फिरोजपुर में बुधवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जीरो लाइन पार कर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान सरहद लांघ कर पाकिस्तान चला गया था। जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में लिया है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी जवान को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। बीएसएफ जवान कांस्टेबल पीके सिंह गलती से सीमा के उस पार चला गया था। जवान को वापस लाने के लिए बीएसएफ के अधिकारी पाकिस्तान रेंजर्स के बात कर रहे हैं। बीएसएफ एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जवान की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मीटिंग बुलाई, लेकिन मीटिंग बेनतीजा रही।

किसानों के लिए तैनात रहते हैं जवान

जीरो लाइन से पहले इस क्षेत्र में किसानों को विशेष परमिट के साथ खेती करने की इजाजत दी जाती है। फसल बोने और काटने के दौरान बीएसएफ के जवान उनके साथ तैनात रहते हैं। इन्हें किसान गार्ड भी कहा जाता है। कंटीली तार जीरो लाइन से काफी पहले है। जीरो लाइन पर सिर्फ पिलर लगे हैं।

पाक ने नहीं लगाया है तार

पाकिस्तान ने अपनी तरफ कंटीली तार नहीं लगाया है। इस कारण गर्मी के कारण जवान पेड़ की छांव में बैठने के लिए गलती से जीरो लाइन पार कर पाकिस्तानी सीमा में चला गया। इतने में पाकिस्तानी रेंजर्स बीएसएफ की चेक पोस्ट जल्लोके पर पहुंच गए और उन्होंने बीएसएफ जवान को हिरासत में लेकर उसके हथियार कब्जे में ले लिए।

पेड़ की छाया के नीचे जाकर बैठ गया था जवान

गर्मी के चलते एक बीएसएफ जवान पेड़ की छाए के नीचे जाकर बैठ गया। पेड़ जीरो लाइन पार पाकिस्तान की सीमा में लगा था। इस बात की जानकारी जवान को नहीं थी। पाकिस्तानी किसान ने देख लिया कि बीएसएफ जवान पाकिस्तानी सीमा के अंदर बैठा हुआ है। उक्त किसान ने इसकी जानकारी पाक रेंजर्स को दी। छिपकर आए पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ जवान को हिरासत में लिया और उसकी राइफल भी छीन ली।

जयपुर से वॉशिंगटन के लिए रवाना हुए उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, सिटी पैलेस का दौरा रद्द

एजेंसी ⏭ जयपुर

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पहलगाम आतंकी हमले की उन्होंने कड़ी निंदा की और अमेरिका की ओर से भारत को आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है। वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय यात्रा के बाद गुरुवार सुबह वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन्होंने वाशिंगटन के लिए विशेष विमान से उड़ान भरी।

जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी बुधवार दोपहर को अचानक जयपुर के टोंक रोड स्थित रावत मिष्ठान भंडार पहुंचीं।

- स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गईं उषा वेंस
- जयपुर की दुकान पर प्याज और दाल कचोड़ी का स्वाद भी चखा
- उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा- अमेरिका, भारत के साथ खड़ा है

आईएसआईएस कश्मीर ने दी धमकी

गंभीर को जान से मारने की धमकी, मांगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एक ओर जहां पहलगाम आतंकी हमले से पूरा देश शोक में है तो दूसरी ओर पूर्व भाजपा सांसद और भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर को 'आईएसआईएस कश्मीर' से जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से संपर्क कर एफआईआर के लिए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए उपाय करने की मांग की।



पाक से न खेलने की दी थी सलाह

पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने सोशल मीडियो पर लेटर पोस्ट करते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से अपील की थी कि भारत को अब आईसीसी इवेंट में भी पाकिस्तान से क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए। भारतीय टीम ने आखिरी मैच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था और बुरी तरह से हराया था।

पहलगाम के रहने वाले नजाकत अहमद शाह गाइड ने सुनाई दास्तां

नजाकत की हिफाजत, चिरमिरी के 11 पर्यटकों की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

अलग खबर

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हर किसी की आंखें नम है, पूरा देश इस हमले का बदला चाहता है। इस आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ के चिरमिरी के 11 लोगों की जान बचाने वाले नजाकत अहमद शाह की चर्चा खूब हो रही है। इन 11 लोगो मे चिरमिरी नगर निगम की भाजपा पार्षद पूर्वा स्थापक व अन्य लोग नजाकत के हिफाजत के किस्से सुना रहे है। हरिभूमि ने ⏭शेष पेज 6 पर

हमले में मारा गया नजाकत का भाई : पहलगाम में हुए आतंकी हमले में नजाकत अहमद शाह के भाई सैयद आदिल हुसैन शाह की मौत हो गई। टूरिस्टों को बचाने के लिए नजाकत के भाई आतंकियों से भिड़ गए इस दौरान आतंकियों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया और उसकी मौत हो गई। सैयद आदिल शाह नजाकत अहमद शाह के मामा के लड़के है। जो बैसरन पहाड़ी में टट्टू (घोड़े) की सवारी करवाते है। नजाकत ने बताया कि छत्तीसगढ़ से आए हुए मित्रों को श्रीनगर छोड़ने गया हुआ था इस कारण मैं अपने मामा के लड़के के जनाजे में भी शामिल नही हो पाया। मेहमानों को शुकुशल पहुंचाना मेरा कर्तव्य था और छत्तीसगढ़ के चिरमिरी से आए मेहमान मेरे मित्र बड़े भाई समान थे।

ऐसे हुई नजाकत की चिरमिरी के युवाओं के साथ दोस्ती

नजाकत अहमद शाह की दोस्ती चिरमिरी के शिवांश जैन, अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक और हैप्पी बधावन से 12 साल पुरानी है। नजाकत अपने पिता के साथ ठंड के सीजन में 3 माह के लिए कश्मीरी शाल कश्मीरी कपड़े बेचने आते है। यहां वो कुलदीप स्थापक (भाजपा पार्षद पूर्वा स्थापक के पति) के यहां किराए का मकान लेकर चिरमिरी के हल्दीबाड़ी में रहते है। इसी दौर उनका सबके साथ उठना बैठना शुरू हुआ और एक अच्छी दोस्ती पांचों के बीच हो गई। चिरमिरी के पूर्व पार्षद शिवांश जैन ने बताया नजाकत बातूनी और सहजता से मिलने के कारण सभी का चहेता ⏭शेष पेज 6पर

चिंतन

आतंकवाद के खिलाफ कठोर से कठोरतम एक्शन जरूरी

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से देश आक्रोशित है और देशवासी हमले के गुनहगारों को जल्द से जल्द सख्त सजा चाहते हैं। सरकार हमले के तुरंत बाद से कह रही है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशावासियों को भरोसा दिलाया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। दरअसल, पहलगाम में आतंकवादी हमला केवल निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, बल्कि यह देश की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस है। इसलिए, इसका कठोर सबक सिखाया जाना चाहिए। यूं तो, यह पहली बार नहीं है जब इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है, अतीत में दर्जनों ऐसे बड़े आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें बेकसूर नागरिकों की जान गई है। सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया है, लेकिन जवाब काफी साबित नहीं हो रहा है। वक्त कुछ ठोस और बड़ा करने का है। आतंकवाद, आतंकी गुट और आतंकियों के खिलाफ उसके खात्मे तक सतत एक्शन चलते रहना चाहिए। आतंकवाद प्रभावित जम्मू-कश्मीर क्षेत्र की सीमाओं को हर हाल में फुलप्रूफ और सुरक्षित बनाना होगा, जिसमें परिंदा भी पर न मार सके। इजराइल की तरह हमें अपने एलओसी व अंतरराष्ट्रीय सीमा की लेजर व रडार बाड़बंदी करनी चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश के अंदर इतना गुस्सा है कि लोग बात कम और एक्शन अधिक चाहते हैं। हमारी सेना हर स्तर पर माकूल जवाब देने में सक्षम है, नेतृत्व को आगे बढ़ने की जरूरत है। पहलगाम में हमलावर आतंकी के साथ-साथ इसकी साजिश रचने वालों को बेनकाब कर करारा जवाब दिए जाने की त्वरित आवश्यकता है। सर्वदलीय बैठक के बाद सभी विपक्षी दल सरकार के साथ हैं। अभी फौरी तौर पर बेशक सरकार ने अटारी बोर्डर बंद करने, सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, पाक के नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने के निर्देश देने, मेडिकल वीजा पर भी रोक जैसे अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन बड़ा सवाल है कि हमलावर आतंकियों को अभी तक पकड़ा नहीं गया है। विश्व के लगभग सभी प्रमुख देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है और भारत के साथ खड़े होने की बात कही है, लेकिन बड़ी बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत को विश्व जनमत के साथ अपने स्तर पर ही कठोरता से लड़ना होगा। आतंकी गुट हमास के हमले का इजराइल ने कैसे कड़ाई से जवाब दिया है, वो उदाहरण दुनिया के सामने है। आज आतंकवाद वैश्विक समस्या है, इसके खिलाफ विश्व को एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। भारत ने हमेशा विश्व को समझाया है कि आतंकवाद ग्लोबल मुद्दा है और आतंकवाद को शह देने वालों को बेनकाब व अलग-थलग करने की जरूरत है। इस दिशा में भारत ने आतंकवाद को पालने पोसने वाले पाकिस्तान को अलग-थलग करने का पूरा प्रयास किया है। पहलगाम हमले के गुनहगारों को ढूंढकर अंजाम तक पहुंचाना होगा। सरकार ने जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद पर लगाम लगाने में बहुत हद तक सफलता पाई है, लेकिन इसे पूर्ण रूप से खत्म करने की जरूरत है। पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के पूर्ण खात्मे का संकल्प व उस दिशा में हर स्तर पर एक्शन जरूरी है। सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की कृषि अर्थव्यवस्था पर तगड़ी मार पड़ेगी, पर और भी कठोर कदम उठाया जाना चाहिए।

असुरक्षा
प्रभुनाथ शुक्ल

हिंदुओं पर बढ़ रही सामुदायिक हिंसा

आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं।

भारत में हिंदुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिंदू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है, लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमले बढ़ गए। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है।

भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया, वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल कियानी की तरफ से भारत और हिंदुओं के खिलाफ दिया गया वह उकसाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है जिसमें उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बाद पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है जिसमें पर्यटकों का धर्म पूछ कर नरसंहार किया गया।

यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधी जंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिंदुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता है और कश्मीर में अलगाववाद की नींव और मजबूत करना चाहता है। खैबरपखतून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था। लेकिन वह जो कर रहा है उसकी भरपाई उसे करनी होगी। कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता-आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुई हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलहाने लगी है। यह सब देख पाकिस्तानी फ़ौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा अहम कारण, कश्मीर के राजनीतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहां बाधित हुईं वहीं आर्थिक नुकसान हुआ है।



वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनीतिक फैसलों ने इस आग में घी का काम किया है। हालांकि यह सिर्फ अलगाववादियों की सोच है। पहलगाम में हिंदुओं के साथ विदेशी नागरिक और सेना में कार्यरत जवान की भी मौत हुई है। शादी के बाद हनीमून मनाने गया युगल भी निर्मम आतंकी साजिश का शिकार हुआ है। नरसंहार के बाद भारतीय सेना के लोगों के पहुंचने के बाद भी लोग इतने दहशत में थे कि उन्हें भी आतंकी समझ लिया।

इस घटना में केंद्र और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। जब वहां काफी तादाद में पर्यटकों की आमद हो रही थी तो पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सेना और राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती क्यों नहीं की गईं। कियानी के विभाजनकारी संदेश को हमारी सरकार, ख़ुफिया एजेंसियां और सुरक्षा एजेंसिया नहीं समझ पाईं। ऐसे संवेदनशील पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होने चाहिए थे। क्योंकि यह इलाका काफी ऊंचाई पर है जहां का प्राकृतिक लुत्फ़ उठाने के लिए भारी तादाद में देशी- विदेशी पर्यटक आ रहे थे। यह इलाका एलओसी से सटा है और प्राकृतिक जाटिलताओं से भरा है। ऊंचे पहाड़, नदियां, घने -जंगल, देवदार और चीड़ के पेड़ यहां की प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ाते हैं। यहां की संवेदनशीलता को देखते हुए अगर हमारी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क होती तो निश्चित रूप से इस नरसंहार से बचा जा सकता था। राज्य में इस तरह की घटनाएं पर्यटन उद्योग और उसकी संभावनाओं पर पानी फेरती हैं। हम अपनी चूक और नाकामियों से नहीं बच सकते। यह गंभीर मंथन का विषय है। कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर हमें सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखना होगा।

भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह हमला भारत की आत्मा पर है। सारा देश गुस्से में है। रणनीति बनाकर पाकिस्तान और आतंकवाद को सबक सिखाने की जरूरत है। कश्मीर के पूर्व बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में हिंदुओं को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके अलावा रामनवमी जुलूस पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में भी सुनियोजित तरीके से हिंदुओं पर हमले हुए। उत्तर प्रदेश में संभल किसी से छुपा नहीं है। वहां किस तरह हिंदुओं का उत्पीड़न हुआ, उसे कौन नहीं जानता। हिंसक हमलों में उनकी संपत्तियों और मंदिरों को नष्ट किया गया। हालांकि मुस्लिम इलाकों में भी हिंदू अतिवाद का स्वरूप देखने को मिला जहां मस्जिदों को निशाना बनाया गया। पश्चिम बंगाल राज्य में हिंदुओं को पलायित होना पड़ा। पीड़ित हिंदू बंगाल पुलिस की मदद के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई सुरक्षा नहीं मिली। हालांकि, भारत में भी मुसलमानों के खिलाफ राजनीतिक अतिवाद में लिंचिंग की घटनाएं हुईं हैं, लेकिन जैसा हिन्दुस्तान में हिंदुओं के साथ हो रहा है, वैसा नहीं। अमेरिका में भी हिंदुओं और सिखों के खिलाफ नस्लीय हिंसा हुईं हैं। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है। नस्लीय टिप्पणीयां हुईं हैं, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी नहीं।

साम्प्रदायिक हिंसा को किसी भी तरीके का राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। नफ़रती बयानबाजी और सोशल मीडिया पर फ़ैलते भड़काऊ वीडियो और संदेश पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लागू होना चाहिए। देश और संसद और उसकी संवैधानिक संस्थाएं जाति, धर्म और समुदाय से सर्वोपरि हैं। हमें उनका सम्मान करना होगा। हमें किसी कानून या बिल से असहमति है तो देश में अदालत और कानून भी है। हिंसा और अपनी अतिवादी ताकत दिखाने के बजाय हमें ऐसी संस्थाओं का सम्मान करना होगा। हमारे लिए देश सर्वोपरि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

आतंकी हमला

मनोज कुमार अग्रवाल

नहीं बदली जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथियों की बर्बर मानसिकता

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए हैं, इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली, तारीखें बदलीं लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथी की बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास, कभी तालिबान तो कभी लश्कर तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछकर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है। बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक-दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे। जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ा ढील बनी और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए। बताया गया कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की भनक थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका जंगलों से घिरा होने से आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए आती है, जितना टूरिस्ट घाटी में आता है, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है। ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बना भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। बहरहाल, इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया, यह समूचे विश्व में कथित शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे बर्बर क्रूर शैतानों को जल्द से जल्द उनके कृत्य का अंजाम दिया जाए और सरकार ऐसा सबक सिखाए कि आतंकियों की सात पुश्तें भी भविष्य में ऐसी घिनौनी अमानवीय हरकत को दोहराने की हिम्मत न कर सके। जरूरत इस बात की भी है कि दुनिया भर का इस्लामी नेतृत्व आतंकियों की इस बेहद शर्मनाक बर्बर और अमानवीयता भरी क्रूरता की खुले मंच पर निंदा करे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है

संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

ताज की बढ़ी सुरक्षा

उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल पर मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षाकर्मी चौकसी बरत रहे हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

आज की पाती

सुरक्षा में लापरवाही

पहलगाम में पर्यटकों पर जो आतंकी हमला हुआ और इस हमले में जो हंसते-खेलते परिवार उजड़े, इस खबर को सुनकर हर कोई दुखी हुआ। कोई किसी धर्म का पत्थर दिल का ही व्यक्ति होगा जो इस हमले की खबर सुनकर भावुक न हुआ हो। जिसने भी यह दिल दहलाने वाली खबर सुनी, वो यह सोचने पर मजबूर हो गया कि नापाक आतंकवाद का घिनौना खेल आखिर कब रुकेगा? इस पर क्या लिखा जाए, कुछ समझ नहीं आ रहा। 22 अप्रैल का दिन हमेशा अब काले दिवस के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि इस दिन निहत्थे और बेकसूर लोग आतंकवाद का शिकार हुए। इस हमले ने पुलवामा में वर्ष 2019 के उन जख्मों को हरा कर दिया जब आतंकी हमले में लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे। पहलगाम के आतंकी हमले से यह सीख मिली है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में अभी खामियां हैं। *-राजेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

ट्रेंड

भारत का पलटवार

भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय आक्रामक कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस संधि को निलंबित करना भारत का "पलटवार" है क्योंकि जल सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है।
-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

आतंकवादी हमले की निंदा

मैं जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। यह हिंसा का एक मूर्खतापूर्ण और खौफनाक कृत्य है, जिसमें निर्दोष नागरिक और पर्यटक मारे गए व घायल हुए है। कनाडा इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।
-मार्क कार्नी , पीएम, कनाडा

पंचायती राज दिवस

देश के सभी मुखियाओं, पंचों और स्थानीय निकायों के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को राजीव गांधी जी ने सशक्त पंचायती राज के जरिए साकार किया।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

अमानवीय कृत्य

यह एक अमानवीय कृत्य है। बेगुनाह पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारना। हमारी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ हैं। हम आतंकवादियों को भी उतनी ही बेरहमी से जवाब देने की मांग करते हैं। **-शेखर कपूर, फिल्मकार**

करंट अफेयर

बुद्ध के दंत दर्शन के लिए यात्रा करने से बचे श्रद्धालु

पुलिस ने बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मध्य श्रीलंका में बुद्ध के दंत अवशेष के दुर्लभ दर्शन के लिए तीर्थस्थल की यात्रा करने से बचें। पुलिस की यह अपील ऐसे समय में आई है जब कई दिनों से कतार में खड़े एक व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार को हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। बुद्ध के दंत अवशेष के दर्शन के लिए कोलंबो से लगभग 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में कैंडी में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुदथ मसिंघा ने कहा, 'हम आपसे अपील करते हैं कि कृपया आज और कल दर्शन के लिए यात्रा न करें।' कैंडी के मंदिर में बुद्ध के दंत अवशेष को दर्शन के लिए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के अनुरोध पर 16 साल बाद रखा गया है। हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु इस अवशेष की पूजा करने के लिए आ रहे हैं और कतारें कई मील तक फैली हुई हैं। एक सप्ताह पूर्व बुद्ध के दंत अवशेष को श्रीलंका लाया गया था। इसके पश्चात दंत अवशेष को दर्शनार्थियों के लिए रखा गया।

ऑफ बीट

महिला अनुसंधानकर्ताओं की दशकों से हो रही अनदेखी

फ्लोरेंस बेल ने करीब 80 साल पहले डीएनए की संरचना की खोज का आधार तैयार करके 20वीं सदी के विज्ञान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हालांकि, जब 23 नवंबर, 2000 को उनकी मृत्यु हुई तो उनके मृत्यु प्रमाणपत्र पर व्यवसाय के सामने 'गृहिणी' लिखा था। यह महिला अनुसंधानकर्ताओं के साथ असमानता का इकलौता उदाहरण नहीं है। दशकों बाद भी महिला शोधकर्ताओं की अनदेखी की जाती है। अध्ययन बताते हैं कि व्यवस्था में गहरी पैठ बनाए हुए समस्याओं की वजह से महिलाएं या तो विज्ञान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पातीं या इससे बाहर हो जाती हैं। लेकिन यह स्थिति अपरिहार्य नहीं है। इसका मतलब यह है कि शिक्षाविदों पर हरसंभव अधिक से अधिक शोधकार्य प्रकाशित करने का दबाव है, भले ही गुणवत्ता प्रभावित हो। शैक्षणिक क्षेत्र में महिलाएं यथासंभव अंशकालिक रूप से काम करती हैं, शिक्षण कार्य करती हैं और अतिरिक्त प्रशासनिक कामकाज करती हैं। इसका मतलब हुआ कि महिला अनुसंधानकर्ताओं को अपने अनुसंधान पर ध्यान देने के लिए, अन्वेषण करने के लिए और उनके बारे में प्रकाशन के लिए कम समय मिलता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

एसीसी का लाभ 20.4% घटकर 751 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सीमेंट विनिर्माता एसीसी लिमिटेड ने कहा कि मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 20.4 प्रतिशत घटकर 751.04 करोड़ रुपये रह गया। अदाणी समूह की कंपनी एसीसी ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि एक साल पहले की इसी अवधि में उसने 943.39 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था।

एनटीपीसी ग्रीन बांड के जरिए 5000 करोड़ रुपए जुटाएगी

नई दिल्ली। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. (एनजीईएल) का निदेशक मंडल अगले सप्ताह वित्त वर्ष 2025-26 में एक या अधिक किस्तों में बांड के जरिये 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। एनजीईएल सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के हरित ऊर्जा उपायों को आगे बढ़ाने वाली प्रमुख कंपनी है।

मैक्स एस्टेट्स ने 'दिल्ली वन' योजना का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी मैक्स एस्टेट्स लि. ने नोएडा में ठप पड़ी 'दिल्ली वन' परियोजना का दिवाला प्रक्रिया के माध्यम से अधिग्रहण करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस संपत्ति को विकसित करने के लिए 1,400 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

स्वयं की सुरक्षा नहीं की तो नियम आपको नहीं बचा सकते

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बीएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदररमण राममूर्ति ने निवेशकों में जागरूकता तथा जिम्मेदारी की जरूरत का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर निवेशक निवेश करते समय पर्याप्त सावधानी नहीं बरतते हैं तो केवल नियम उनकी रक्षा नहीं कर पाएंगे। राममूर्ति ने निवेशकों से सतर्क व नवीन सूचनाओं के बारे में जानकारी रखने का आग्रह किया और कहा कि यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको समस्या होगी। उन्होंने निवेशकों की उचित जांच-पड़ताल के बजाय सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा करने की प्रवृत्ति की भी आलोचना की।

■ निवेशक निवेश करते समय पर्याप्त सावधानी नहीं बरतते

बीएसई के सीईओ राममूर्ति ने निवेशकों को किया सतर्क

छोटे निवेशक म्यूचुअल फंड का रास्ता चुने

सीईओ ने जोर देकर कहा, 'यदि आप स्वयं को सुरक्षित नहीं रखना चाहते, तो कोई भी नियम आपको नहीं बचा सकता। सतर्क रहें।' राममूर्ति ने सलाह दी कि छोटे निवेशक जो बाजार विशेषज्ञ नहीं हैं, उन्हें म्यूचुअल फंड का रास्ता चुनना चाहिए और उन्हें 'थीमैटिक फंड' से बचना चाहिए...उन्हें म्यूचुअल फंड या लार्ज-कैप फंड चुनना चाहिए।

करियर के शुरुआत से ही निवेश शुरू करे

राममूर्ति ने कहा कि महिलाओं और युवाओं को अपने करियर की शुरुआत में ही निवेश शुरू करना चाहिए। भारत के लघु एवं मझोले उद्यम (एसएमई) क्षेत्र की संभावनाओं का जिक्र करते हुए बीएसई के सीईओ ने कहा कि इस क्षेत्र की केवल 40 कंपनियां ही वर्तमान में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं, जबकि वास्तविक संभावना 1,000 से अधिक हो सकती है। *जिंदगी की कमाई निवेश से पहले जांच ले : राममूर्ति ने कहा, "आप सब्जी खरीदने से पहले उसे अच्छी तरह जांचते हैं, लेकिन जब आप अपनी जिंदगी की कमाई निवेश करते हैं, तो सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा करते हैं...ऐसा नहीं होना चाहिए।" नियामक अपेक्षाओं के बारे में बीएसई प्रमुख ने कहा कि आम धारणा यह है कि जब निवेशक पैसा खो देते हैं तो नियामकों को दोषी ठहराया जाता है।*

पंप एंड डंप को खारिज नहीं किया जा सकता

सीईओ ने लघु एवं मध्यम उद्यमों से आग्रह किया कि वे धन जुटाने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने तथा अपनी क्षमता को दुनिया के सामने लाने के लिए बाजार में सूचीबद्ध होने के व्यवहारिक मार्ग पर विचार करें। एसएमई सूचीबद्धता में संभावित हेरफेर पर किए सवाल पर राममूर्ति ने स्वीकार किया कि 'पंप-एंड-डंप' योजनाओं जैसे धोखाधड़ी को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है।

पीएम मोदी ने इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन किया संबोधित

इस्पात उत्पादन बढ़ाने निष्क्रिय पड़ी नई खदानों से लौह अयस्क होगा निकालना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से 'मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी से आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत' बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने को कहा। प्रधानमंत्री ने इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को 'ऑनलाइन' संबोधित करते हुए यह भी कहा कि देश को कच्चे माल की सुरक्षा के लिए अपनी वैश्विक भागीदारी को मजबूत करने की आवश्यकता है।

पीएम ने उद्योग से इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए अप्रयुक्त नयी खदानों से लौह अयस्क निकालना शुरू करने का भी आह्वान किया। मोदी ने इस्पात को 'उभरता हुआ क्षेत्र' बताते हुए इसका उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता बतायी, जो विकास की 'रीढ़' है। उन्होंने नई प्रक्रियाओं को अपनाने, नवोन्मेष करने, सर्वोत्तम गतिविधियों का आदान-प्रदान करने और कोयले का आयात कम करने पर भी विचार करने को कहा।

'इस्पात जैसा मजबूत भारत' बनाने मिलकर काम करे उद्योग

देश को कच्चे माल की सुरक्षा के लिए वैश्विक भागीदारी बढ़ानी होगी

इस्पात को बताया उभरता हुआ क्षेत्र, बढ़ाना होगा उत्पादन

कच्चा माल प्राप्त करना इस्पात के लिए बड़ी चिंता

मोदी ने इस्पात उद्योग के प्रतिनिधियों को अपने संबोधन में कहा, "आइए, हम एक मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम करें। उन्होंने स्वीकार किया कि कच्चा माल प्राप्त करना इस्पात क्षेत्र के लिए एक 'बड़ी चिंता' है।

नए खदानों का उपयोग नहीं हो पाया : मोदी ने कहा कि कई नयी खदानें हैं, जिनका उपयोग नहीं हो पाया है। उनका उचित और समय पर उपयोग किया जाना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगाह किया कि ऐसा नहीं होने पर देश और उद्योग दोनों को नुकसान होगा।

इस्पात की खपत 160 किलो करने का लक्ष्य : प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्योग को भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए और नई प्रक्रियाओं, नये स्तर और नये पैमाने को अपनाना चाहिए। मोदी ने कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक इस्पात उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 30 करोड़ टन करना है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17.9 करोड़ टन था। साथ ही प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत भी इसी अवधि में वर्तमान 98 किलो से बढ़ाकर 160 किलो करने का लक्ष्य है।

निकल, कोयला व मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर

पीएम ने सभी से वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने और आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, "एक बड़ी चिंता कच्चे माल की सुरक्षा है। हम अभी भी निकल, कोकिंग कोयला और मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर हैं। और इसीलिए, हमें वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना चाहिए, आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करना चाहिए और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।"

उच्च स्तर के इस्पात की मांग बढ़ेगी

पीएम ने कहा कि बड़ी परियोजनाओं की बढ़ती संख्या उच्च स्तर के इस्पात की मांग को बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत और चंद्रयान मिशन में इस्तेमाल किया गया इस्पात स्थानीय स्तर पर विनिर्मित किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश निर्यात बाजार पर नजर रखते हुए आधुनिक और बड़े जहाज बनाने की महत्वाकांक्षा रखता है।

निर्यात को बढ़ाकर 50 करोड़ टन करना होगा

मोदी ने कहा कि ऐसे कार्यों के लिए उच्च श्रेणी के इस्पात की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि इस्पात के मामले में लक्ष्य आयात को शून्य स्तर पर लाने और शुद्ध निर्यात को बढ़ावा देने पर होना चाहिए। देश का लक्ष्य 2047 तक इस्पात के मौजूदा 2.5 करोड़ टन निर्यात को बढ़ाकर 50 करोड़ टन करना है।

कीट विवि को एशिया में 184, भारत में 8वीं रैंकिंग

भुवनेश्वर। हर साल की तरह, टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग की घोषणा की गई है और भुवनेश्वर स्थित कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर को एक बार फिर उल्लेखनीय स्थान हासिल हुआ है। 2025 के घोषित नतीजे में कीट ने एशिया में 184वीं रैंक हासिल किया है, जो पिछले साल के 196वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह विकास कीट की निरंतर प्रगति और वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में इसकी बढ़ती मान्यता की पुष्टि करती है।

इस लेटेस्ट रैंकिंग के साथ कीट को भारत में सरकारी और निजी दोनों संस्थानों में 8वां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता मिली है। इसने कई प्रतिष्ठित भारतीय संस्थानों के बीच यह स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय ने पूर्वी और उत्तरी भारत में टॉप रैंक वाले डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में अपना गौरव भी बरकरार रखा है। इसके अलावा, खेल विज्ञान विषय में कीट भारत में दूसरे स्थान पर है। इस वर्ष की रैंकिंग में 35 देशों/क्षेत्रों के 853 विश्वविद्यालय शामिल हैं। यह उनके शोध, शिक्षण, ज्ञान आदान - प्रदान और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण का आकलन करता है। 18 प्रदर्शन संकेतकों (मानदंडों) पर आधारित रैंकिंग पर दुनिया भर के छात्र, शिक्षाविद, नीति निर्माता और उद्योग जगत के नेता भरोसा करते हैं। कीट -कीस और कीम्स, के संस्थापक प्रो.अच्युत सामंत ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समर्पित फैकल्टीज, कर्मचारियों, छात्रों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, "यह मान्यता सामूहिक प्रयासों और मिशन-संचालित भावना को दर्शाती है, जो कीट को परिभाषित करती है। हम इस सफलता को हर उस व्यक्ति के साथ साझा करते हैं जो हमारे मूल्यों में विश्वास करता है।" गौरतलब है कि कीट लगातार प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग में शामिल रहा है, जिसमें द वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स और क्यूएस रैंकिंग्स शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने आईईटी, एबीईटी एवं अन्य जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मान्यताएँ भी अर्जित की हैं, जिससे उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के वैश्विक केंद्र के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। उल्लेखनीय है कि सिर्फ 27 साल पुराना होने के बावजूद, कीट ने लिस्ट में मौजूद कई सुप्रतिष्ठित संस्थानों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिनमें से कई 50 साल से ज्यादा समय से मौजूद हैं। इसके अलावा, गौर करें कि कीट को डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी का दर्जा सिर्फ 21 साल पहले ही मिला था।

अदाणी एनर्जी के शुद्ध लाभ में 87 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 87 प्रतिशत बढ़कर 713.66 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 381.29 करोड़ रुपये रहा था। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 6,596.39 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 4,855.18 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का खर्च 5,411.60 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 4,358.83 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 921 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,195.61 करोड़ रुपये से कम है।

मेटा भारत में जल्द पेश करेगी एआई से लैस रे-बैन चश्मा

■ चश्मा वस्तुओं का पता लगाता है और इसके बारे में बताता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया मेटा जल्द ही भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से लैस रे-बैन-मेटा चश्मा पेश करेगी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। यह चश्मा सेंसर का उपयोग करके नजर में आने वाली वस्तुओं का पता लगाता है और उनके बारे में बताता है, इंटरनेट के बिना भी तत्काल अनुवाद करने में मदद करता है, संगीत बजाता है और प्रश्नों के उत्तर ढूंढने समेत अन्य कार्य करता है। कंपनी *पहली बार सितंबर 2023 में किया गया पेश : इसमें कहा गया, "आप जल्द ही अपने चश्मे पर (सोशल मीडिया मंच) इंस्टाग्राम से सीधे संदेश, फोटो, ऑडियो कॉल और वीडियो कॉल भेज और प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही आप अपने आई-फोन या एंड्रॉयड फोन पर व्हाट्सएप और मैसेंजर के साथ-साथ स्थानीय मैसेजिंग (संदेश) ऐप के जरिए कॉल कर सकेंगे और संदेश भेज सकेंगे।"*

म्यांमार भूकंप के राहत कार्यों के लिए वीआईटी भोपाल का सहयोग

नई दिल्ली। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, सुश्री काधम्बरी एस. विश्वनाथन ने हाल ही में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए सहयोग राशि दान की है। यह योगदान वीआईटी भोपाल की ओर से दिया गया और इसे म्यांमार गणराज्य के राजदूत, महामहिम जॉ ओ को आज नई दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास में औपचारिक रूप से सौंपा गया।

COURTYARD BY MARRIOTT Bilaspur
Courtyard by Marriott Bilaspur
City Mall 36, Mangla Chowk,
Bilaspur Chhattisgarh 495001
Contact No. 9826008030

TENDER NOTICE

Sealed tenders are invited for Annual supply contract in the following categories to courtyard by Marriott located in Bilaspur, Chhattisgarh 495001 for the period of 12 months (Twelve months) commencing from -- 01st of May 2025 to 30th of April 2026.

FOOD & BEVERAGE ITEMS:
1. Provision, Spices and Groceries & Dry Fruits 2. Tinned, Canned & Bottled Food Products 3. Fresh Vegetables and Fruits 4. Exotic Vegetable and Fruits 5. Mutton & Mutton Products, 6. Frozen Veg & Meat Products 7. Fresh Milk & Dairy Products 8. Indian & Imported Cut Meats 9. Fish and Seafood Products 10. Chicken and Poultry Products and Farm Eggs 11. Indian and Imported Cheese 12. Sweets and Savories 13. Ice-cream and Kulfi 14. Bread and Bakery Products

GENRAL ITEMS & SERVICES:
1. Office General Printing & Stationery / Flex printing 2. Housekeeping. Laundry and Cleaning Supplies 3. Gel Fuel/Charcoal 4. Gas/HSD. 5. Florist and Flower Arrangement 6. Hiring of AV Equipment 7. Safety Equipment 8. Courier Services 9. Electrical, Plumbing & Hardware consumables 10. Manpower Security Guards, Valet Drivers, KST/HK/ODC Boys. Carpenter, Painter, Courier Services, Gas Service, Pest Control 11. Housekeeping Guest Amenities 12. Paper Napkins & Paper Products 13. Hiring of Banquet Equipment (Crockery, Cutlery, Glassware, Kitchen Utensils, Table, Chair) 14. Uniform Supplies

Tender forms are available in the Purchase Office, Courtyard by Marriott | City Mall36 Chhattisgarh -495001, from the Monday to Friday between 10:00 AM to 05:00 PM with the payment of INR 500/- for each Category (Non-Refundable). Sealed tenders must be addressed to "The Tender Committee 'CITY MALL VIKASH PVT LTD'. The last date for submission of filled tender forms was 30th April 2025.
All Tenders proposing to apply should be compliant with FSSAI Act/Rules and other Govt. regulations as applicable. Please also attach copy of the FSSAI license along your offer.
THE TENDER COMMITTEE RESERVES THE RIGHT TO ACCEPT/REJECT THE TENDERS IN FULL OR IN THE PART WITHOUT ASSIGNING ANY REASON WHATSOEVER.
SCAN THE QR Code to Access the Registration Form

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

वृष — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

मिथुन — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

सिंह — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

तुला — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

वृश्चिक — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

धनु — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

मकर — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

मीन — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

नेस्ले इंडिया का लाभ 6.5 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। मैगी, नेस्कैफे जैसे उत्पाद बनाने वाली नेस्ले इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 6.5 प्रतिशत घटकर 873.46 करोड़ रुपये रहा। नेस्ले इंडिया ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 934.17 करोड़ रुपये था। नेस्ले इंडिया का उत्पादों की बिक्री से आय मार्च तिमाही में 3.67 प्रतिशत बढ़कर 5,447.64 करोड़ रुपये रही। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 5,254.43 करोड़ रुपये थी। कंपनी का मार्च तिमाही में कुल खर्च 4,307.76 करोड़ रुपये रहा।

प्रयोगशाला में तैयार हीरों का ब्रांड 'लूसिरा' पेश

नई दिल्ली। ऑनलाइन आभूषण विक्रेता फर्म कैंडेरे के संस्थापक रूपेश जैन ने प्रयोगशाला में बने कृत्रिम हीरों के ब्रांड 'लूसिरा' को पेश किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि नया ब्रांड वर्तमान में देश भर में आपूर्ति के साथ ऑनलाइन उपलब्ध होगा। ब्रांड प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों में प्रमुख स्टोर खोलने की योजना बना रहा है। खुदरा विस्तार किया जाएगा।

एनटीपीसी NTPC एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

आम सूचना

विषयः एनटीपीसी सीपत परियोजना के भूविस्थापितों को भू-अधिग्रहण, नामांकन, शैक्षणिक एवं वोकेशनल योग्यता तथाअन्य संबंधित दस्तावेज जमा करने के संबंध में।

सभी पात्र भूविस्थापित (जिनका प्रशासन द्वारा प्रेषित वरीयता सूची में नाम है तथा जिनकी एक एकड़ या अधिक भूमि एनटीपीसी सीपत परियोजना हेतु अर्जित हुई हो एवं अधिग्रहित भूमि की धारा 4 (1) की अधिसूचना प्रकाशन से 20 वर्ष पूर्व का भू-स्वामित्व/निवासी हो) को सूचित किया जाता है कि, पात्र सदस्य के नामांकन, शैक्षणिक एवं वोकेशनल योग्यता तथा अन्य जानकारी अद्यतन करने की प्रक्रिया के लिए एनटीपीसी सीपत का पत्र दिनांक 15.04.2025, भू-विस्थापितों के उपलब्ध पते पर पंजीकृत पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है। भू-विस्थापितों को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे अंतिम दिनांक (cut-off date) 16.05.2025 शाम 6:00 बजे तक उपरोक्त पत्र दिनांक 15.04.2025 द्वारा वांछित जानकारी/दस्तावेज, वरिष्ठ प्रबंधक- मानव संसाधन, एनटीपीसी लिमिटेड सीपत, ऊर्जा भवन, पोस्ट ऑफिस-उज्ज्वल नगर, तहसील- सीपत, जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड - 495555 के पते पर प्रेषित/जमा करें। उपरोक्त अंतिम दिनांक (cut-off date) 16.05.2025 शाम 6:00 बजे के बाद प्राप्त दस्तावेजों को वर्तमान में प्रस्तावित नियुक्ति प्रक्रिया हेतु विचार कर पाना संभव नहीं होगा। उक्त दिनांक के पश्चात्, पात्र पाये गए भू-विस्थापितों की उपलब्ध रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। किसी भी स्पष्टीकरण या अधिक जानकारी के लिए पात्र भू-विस्थापित, वरिष्ठ प्रबंधक- मानव संसाधन, एनटीपीसी लिमिटेड सीपत के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

दिनांकः 20.04.2025

वास्ते एवं निमित्त की ओर से
एनटीपीसी सीपत प्रबंधन

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

शब्द पहेली - 5847



बाएँ से दाएँ
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. आकर्षक, चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

शब्द पहेली -5846 का हल

का	ज		अ	ग		सा	थ		सु	रा
ल		ता	ना		आ	स		ख	ब	र
	ली	ला		सा	या		क	ल	ह	
म	न		रा	त		र	म	ल		वि
ली		फि	जा		अ	ग	ला		सा	दा
	शू	र		की	च	ड़		ता	र	
कु	ल		अ	म	ल		ख	त		मी
ली		ग	ल	त		प	ता		जा	न
	दो	ज	ख		क	ल		ता	ल	
धा	य	ल		दा	म		ड	म		मो
त	म		प	ग		कृ	ष्ण		क	र

सूडोकु नवताल - 5857

कठिनतम

2						5		
	1			8				9
7					4			
			9			1		
	3						6	
		8			5			
			3					8
5				6			2	
		4						7

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5856 का हल

2	3	6	8	5	1	4	9	7
9	4	5	7	6	3	8	2	1
1	7	8	2	9	4	6	5	3
3	1	9	6	7	2	5	4	8
5	6	2	1	4	8	3	7	9
7	8	4	5	3	9	1	6	2
4	9	1	3	2	5	7	8	6
8	2	7	4	1	6	9	3	5
6	5	3	9	8	7	2	1	4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

रोचक / रजनी अरोड़ा

टनल यानी सुरंग, जिसके भीतर से हम गुजरते हुए अपना रास्ता तय करते हैं। टनल, पहाड़ या चट्टान को काट कर ही नहीं, कुछ टनल पेड़ के बीच या किसी विशाल टॉवर की मंजिलों के बीच भी बने हैं, जिन्हें देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है।

आश्चर्यचकित करने वाले दुनिया के अनोखे टनल

5वीं-7वीं मंजिल के बीच टॉवर टनल, जापान

जापान की टॉवर टनल की खास बात यह है कि यह एक 16 मंजिला ग्रेट टॉवर ऑफिस बिल्डिंग की 5वीं-7वीं मंजिल के बीच में से होकर गुजरती है। इस टनल में बने हानशिन एक्सप्रेसवे पर ट्रांसपोर्ट भी चलता है। यह एक्सप्रेसवे जापान के ओसाका शहर में बना है। सन 1992 में बनी यह टनल 71.9 मीटर (236 फीट) ऊंची है। टनल को ऐसी तकनीक से डिजाइन किया गया है कि इस पर गुजरते ट्रैफिक के शोर और वाइब्रेशन का कोई असर बिल्डिंग की अन्य मंजिलों पर नहीं पड़ता। *

मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद द बंड टनल, चीन

चीन के शंघाई शहर में हुआंगपू नदी के नीचे बने द बंड टनल में चारों तरफ 6 चैनल एंप्लीफाइस सिस्टम और साउंड इफेक्ट्स जैसी लेटेस्ट साइकेडेलिक मल्टीमीडिया

टेक्नोलॉजी फिट की गई हैं। पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है-यहां बने रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ऑटोमेटिक ट्रांसपेरेंट मागलेव ट्रेन की राइड। यहां ऑटोमेटिक मागलेव ट्रेन मे घूमते हुए शानदार ऑडियो-वीडियो युक्त मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। *

पेड़ के तने के बीच सेक्यूआ टनल, अमेरिका

बच्चो, एक ऐसी टनल भी है, जिसे पेड़ के तने को काट कर बनाया गया है। यह टनल है-कैलिफोर्निया, अमेरिका के सेक्यूआ नेशनल पार्क में, जो दुनिया की सबसे छोटी टनल है। इस पार्क में सेक्यूआ के बड़े-बड़े पेड़ हैं। 1937 में ऐसा ही एक बहुत बड़ा पेड़ प्राकृतिक कारणों से पार्क के रास्ते में सड़क पर गिर गया था। 84 मीटर (275 फुट) लंबे इस पेड़ का तना 6.4 मीटर (21 फुट) का था। इसके तने की चौड़ाई देखकर पार्क के अधिकारियों ने इस पेड़ को हटाने के बजाय इसके तने को काटकर उसके बीच में से गुजरता रास्ता बनाने का फैसला किया। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से इसके तने को 2.4 मीटर (8 फुट) लंबाई और 5.2 मीटर (17 फुट) चौड़ाई में काट कर टनल का रूप दिया गया। आज भी यह टनल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, इसके नीचे से कार आराम से गुजर जाती है। *

फूलों के बीच मजा विस्टेरिया टनल, जापान

बच्चो, अगर तुम्हें फूलों के बीच बने टनल से गुजरने का मौका मिले तो कैसा लगेगा! मानी बात है, बहुत मजा आएगा। ऐसी ही एक टनल जापान के किटक्युशू द्वीप के कावाची फूजी गार्डन में है, जिसका नाम है-विस्टेरिया टनल। कावाची फूजी गार्डन में बनी बेलनाकार जाली के ऊपर विस्टेरिया फूलों के झाड़ीनुमा पौधों को इस तरह बढ़ने दिया जाता है कि वो टनल का आकार ले लेते हैं। 110 मीटर लंबे इस टनल में 20 से अधिक किस्मों के 150 से भी अधिक विस्टेरिया फूलों के पौधे लगाए जाते हैं। अप्रैल-मई के महीने में यह टनल रंग-बिरंगे विस्टेरिया फूलों से भर जाती है, जो देखने में बहुत मनभावन लगती है। इस टनल को दूर-दूर से पर्यटक देखने आते हैं। *

पेड़-पौधों की हरियाली से सजी टनल ऑफ लव, यूक्रेन

जिस तरह जापान की विस्टेरिया टनल फूलों से सजी है, उसी तरह यूक्रेन में स्थित क्लेवान टनल, पेड़-पौधों की हरियाली से सजी है। यह टनल करीब 3 किलोमीटर लंबी है। यह जंगल के उस रेलवे ट्रैक के आस-पास बनी है, जिस पर गुजरकर दिन में तीन बार जंगल से कटी लकड़ियां ट्रेन, फैक्ट्रियों तक पहुंचाती है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण इसे टनल ऑफ लव नाम दिया गया है। जब इस टनल से ट्रेन के गुजरने का समय नहीं होता, तब पर्यटक इस टनल के रेलवे ट्रैक पर पैदल चलने का भी आनंद लेते हैं। *

अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पाथ टनल, कनाडा

बच्चो, जिस तरह दिल्ली में स्थित पालिका बाजार, अंडरग्राउंड बना हुआ है, इसी तरह कनाडा के टोरंटो में भी पाथ अंडरग्राउंड टनल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। यह टोरंटो के ऑफिस टॉवर के नीचे है, जो 30 किलोमीटर लंबा है। यहां तकरीबन 1200 रिटेल शॉप्स, 20 पार्किंग गैराज हैं। वर्ष 1900 में पैदल यात्रियों के लिए शुरू की गई यह टोरंटो की पहली टनल थी। 1960 के दशक में इसमें अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने शुरू हो गए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड टनल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। इस टनल से रोजाना करीब 1 लाख लोग गुजरते हैं। *

दुनिया का आठवां आश्चर्य नेचुरल टनल, अमेरिका

अमेरिका के वर्जीनिया में स्थित लाखों साल पुरानी यह नेचुरल टनल, आज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पहले यहां चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) की चट्टानें हुआ करती

थीं, जो कार्बनिक एसिड मिले ग्राउंडवाटर के रिसने से धीरे-धीरे टूटती गईं और अपने-आप ही टनल का रूप लेती गई। आज भी यह टनल 61 मीटर (200 फुट) चौड़ी और 24 मीटर (80 फुट) लंबी है। 1896 में इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य घोषित किया गया था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा

बच्चो, कहानी-कविता की किताबें तो तुम खूब पढ़ते होगे, लेकिन क्या इनके अलावा ज्ञानवर्धक और नॉन-फिक्शन किताबें भी पढ़ते हो? ऐसी किताबें तुम्हें आज की दुनिया के साथ जोड़े रखती हैं, जानकारी बढ़ाती हैं और कुछ अच्छा करने, कुछ बनने की राह दिखाती हैं। कुछ समय पहले ऐसी ही एक किशोरोपयोगी प्रेरक किताब 'भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा' छपकर आई है। इस किताब में 15 भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बारे में बताया गया है। उन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान तो दिया ही है, साथ ही उनकी यह यात्रा भी कम रोचक नहीं रही है, क्योंकि उन्होंने तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करके ऊंचा मुकाम बनाया है। इन महिला वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलेगा। *

किताबः भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा, **लेखिकाः** अनुपमा गोरे, **मूल्यः** 200 रुपए, **प्रकाशकः** आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल

बूझो तो जानें

1
नभ में एक धनुष बनता है
जिसके रंग हैं पूरे सात।
नहीं हाथ में आ सकता है
दिखता, जब होती बरसात।

2
खाओगे तो स्वाद है कड़वा
कहलाता हूं बड़ा हकीम।
सबको शीतल छाया देता
चिड़ियां करती प्यार असीम।

3
एक वर्ष के लिए मैं आऊं।
दिवस, दिनांक, मास बतलाऊं।
छोटे-बड़े हैं बारह बच्चे।
सभी नेक हैं, सीधे-सच्चे।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1. इंद्रधनुष, 2. नीम, 3. कैलेंडर

जीके क्विज-151

1. आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का नाम क्या है?
2. हाल में भारत आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
4. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
7. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
8. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
9. वायुमंडल में किस गैस का प्रतिशत सबसे अधिक पाया जाता है?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कहां है?

बच्चो, जीके क्विज-151 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-150 का उत्तर : 1.1970 ई., 2.गैलॉर्ड नेल्सन, 3.विराट कोहली, 4.पुर्तगाल, 5.एस. जयशंकर, 6.मासिनराम, 7.कोलकाता, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.चैत्र, 10.तिरुवनंतपुरम

जीके क्विज-150 का सही उत्तर देने वाले : राजेंद्र-चांपा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, शताक्षी-दुर्ग, हर्ष-रायपुर, सचिन-रोहतक, अमन-बिलासपुर, आयुष-ईमेल से, दिव्या-रोहतक

कहानी / राजेंद्र श्रीवास्तव

स्वप्निल का जन्मदिन आया तो वह अपनी बहन चिया के साथ इसकी तैयारी में जुट गया। जन्मदिन की तैयारी में वह ऐसा खोया कि रात सोने पर भी सपने में वह अपना जन्मदिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाते दिखा। आंख खुली तो उसे अपने आप पर खूब हंसी आई, साथ में मम्मी-पापा और चिया भी खूब हंसे। ऐसा क्या सपने में देखा स्वप्निल ने?

स्वप्निल का सपना

स्वप्निल आज बहुत खुश था। वह खुशी-खुशी अपने सभी दोस्तों को बता रहा था, 'कल मेरा जन्मदिन है।' उसने अपने सभी दोस्तों को बर्थ-डे पार्टी में इनवाइट किया था। सबने वादा किया कि वह कल उसकी बर्थ-डे पार्टी में जरूर आएंगे। स्वप्निल की बहन चिया भी इस पार्टी को लेकर बहुत उत्साहित थी। स्कूल से घर आकर दोनों शाम तक बर्थ-डे पार्टी की तैयारी में लगे रहे। स्वप्निल उतावला हो रहा था, कब रात बीते और सवेरा हो और वह अपनी बर्थ-डे पार्टी मनाए।

स्वप्निल का उतावलापन देखकर मां ने कहा, 'बेटा, क्या जागते-जागते ही रात काटोगे, अब सो जाओ।'

स्वप्निल ने मां की बात मानी और आकर अपने बिस्तर पर लेट गया। कल की पार्टी के बारे में सोचते-सोचते कब वह सो गया, पता ही नहीं चला। सपने में स्वप्निल ने देखा कि वह किसी घने जंगल से गुजर रहा है। तभी सामने एक बड़ी-सी नदी दिखाई दी। नदी पर लंबा और आड़ा-तिरछा, ऊंचा-नीचा पुल है। पुल के दूसरी ओर एक सजी हुई टेबल पर उसका मनपसंद बहुत ही सुंदर-सा केक रखा है। केक के आस-पास बहुत सारे गिफ्ट भी रखे हुए हैं। उसके सभी दोस्त और चिया भी वहां धूम मचा रहे हैं। तभी उस दूसरे किनारे से चिया ने आवाज दी, 'स्वप्निल जल्दी आओ, यह केक तुम्हें ही काटना है।'

स्वप्निल जल्दी-जल्दी पुल पार करने लगा, लेकिन वह जैसे ही पुल के बीचों-बीच पहुंचा, पुल खट से टूट गया। यह देखकर वह डर गया। स्वप्निल को लगा, अब तो वह नदी में डूब जाएगा। वह पुल से नदी के पानी में गिरने ही वाला था, तभी एक दूसरे सुंदर से झूले पर वहां चिया आ गई। उसने सहारा देकर स्वप्निल को उस झूले पर ले लिया। चिया को अपने पास देखकर स्वप्निल का सारा डर उड़न-छू हो गया।

उसने देखा कि झूला सुंदर फूल-पत्ती और मजबूत लताओं का बना है। यह झूला किसी लकड़ी पर नहीं, हरी-पीली लंबी ककड़ी से बंधा है। ककड़ी का एक सिरा नदी के एक किनारे जेब्रा के कंधे पर है, दूसरा सिरा नदी के दूसरे किनारे पर कंगारू के कंधे पर है। बिना पंखों वाले कीवी और शुतुरमुर्ग भी उस ककड़ी को पकड़े हुए हैं। वहां एक रंगीन और सुंदर पंखों वाला मोर भी है। मोर नाच-नाच कर सबका मनोरंजन कर रहा है। एक रंग-बिरंगी तितली चिया और स्वप्निल के आस-पास मंडरा रही है। नीचे नदी के पानी में मछलियां लहरों के साथ अठखेलियां कर रही हैं। यह सब देखकर स्वप्निल बहुत खुश हुआ। अचानक उसे केक की याद आई। उसने आस-पास देखा। वहां न कहीं केक था, न ही गिफ्ट थे। तभी नदी के एक किनारे पर उसे एक लंबी पूंछ वाली चुहिया दिखी। चुहिया छिपकर स्वप्निल के केक को चट कर रही थी। कुछ गिफ्ट भी उस चुहिया ने कुतर-कुतर कर खराब कर दिए थे। यह देखकर स्वप्निल की सारी खुशी गायब हो गई। उसने दौड़कर उस चुहिया की पूंछ पकड़ ली और खींचते हुए जोर-जोर से रोने लगा, 'मेरा केक, मेरे गिफ्ट... मेरा केक, मेरे गिफ्ट...!'

तभी चिया की चीख सुनकर स्वप्निल की नींद खुल गई। उसने देखा, वहां न नदी थी, न ही झूला। न तितली थी और न ही चुहिया। जेब्रा और कंगारू, मोर और मछलियां भी नहीं थीं। उसके हाथ में चुहिया की पूंछ नहीं, चिया की चोटी थी, जिसे वह खींच रहा था और चिया दर्द से चिल्ला रही थी। मम्मी भी पास में ही खड़ी थीं।

स्वप्निल चिया की चोटी छोड़कर बोला, 'सॉरी चिया! लगता है मैं सपना देख रहा था।'

स्वप्निल ने अपना सपना मम्मी-पापा और चिया को सुनाया। उसका सपना सुनकर सभी को खूब हंसी आई। तभी मम्मी और चिया ने वहां टेबल पर सजाए गए केक और बहुत सारे गिफ्ट स्वप्निल को दिखाए। मम्मी बोली, 'देखो स्वप्निल, यह केक और गिफ्ट सब तुम्हारे लिए हैं और यह सपना नहीं है।'

चिया अपनी चोटी संभालते हुए बोली, 'और यहां चुहिया भी नहीं है।' चिया की बात सुनकर स्वप्निल और मम्मी-पापा जोर से खिलखिलाकर हंस दिए। *

कविता

दिनेश पाठक 'शशि'

छुक-छुक रेल

बच्चे मिलकर खेलें खेल।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नंदू जी की गुड़िया बोली
आओ मिलकर खेलें-खेल।
हो जाते हैं खड़े इस तरह
बन जाएगी लंबी रेल।।
किंतु न करना कोई भैया
बिल्कुल धक्कम ठेला-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
चिंकी-पिंकी, टिंकू डिब्बे
इंजन राजा भैया।
राजुल गार्ड दे रहा सीटी
नाचे ता-ता थैया।
डिब्बे बनकर सब करते हैं
देखो कैसी ठेलम-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नहीं तीसरा दरजा इसमें
नहीं है दरजा पहला।
भेद-भाव से दूर बहुत है
कोई न नहला-दहला।
खेल-मेल की इस गाड़ी का
नाम रखा है चुनमुन मेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां डिफरेंट ब्रीड के डॉग्स के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में ये सातों अंतर ढूंढ़कर बताओ।

उत्तर : 1.सबसे आगे बैठे डॉग की पूंछ मुड़ी हुई है। 2.बाईं तरफ आगे खड़े डॉग का एक अगला पैर मुड़ा हुआ नहीं है, चारों पैर जमीन पर टिके हैं। 3.बाईं तरफ पीछे बैठे डॉग के सिर से लेकर आंख तक का एक हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 4.पीछे दौड़ रहे डॉग की नाक का अगला हिस्सा अलग तरह का है। 5.चित्र में पीछे दाईं तरफ सूरज चमक रहा है। 6.दाईं तरफ पीछे बैठे डॉग की जीभ अंदर है। 7.दाईं तरफ आगे बैठे डॉग का एक कान नहीं दिख रहा है।

एनिमल का नाम बताओ

बच्चो, नीचे दिए गए प्रत्येक एनिमल के चित्र के साथ कुछ अल्फाबेट्स दिए गए हैं। इन अल्फाबेट्स को सही से अरेंज करने पर एनिमल का नाम तुम्हें मिलेगा। तो देर किस बात की, अल्फाबेट्स अरेंज कर प्रत्येक चित्र के नीचे दिए गए बॉक्सेज में एनिमल के नाम लिखो।

चांद पर जाने की तैयारी! 3 एस्ट्रोनॉट को स्पेस स्टेशन भेजेगा चीन, 6 महीने स्पेस स्टेशन में क्या करेंगे?

बीजिंग। चीन अपनी तकनीकि की वजह से पूरी दुनिया में जाना जाता है। अब चीन की निगाहें चंद्रमा पर है। साल 2030 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने की तैयारी चीन ने पूरी कर ली है। इस मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से चीन तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग छह महीने के प्रवास के लिए खुद के बनाए तियांगोंग स्पेस स्टेशन पर ले जाया जाएगा. इस मिशन का नाम शेनझोउ 20 मिशन है।

शेनझोउ 20 मिशन उत्तर-पश्चिमी चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से रवाना होगा। यहां पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्री चीन के 2030 के मिशन को पूरा करने के लिए काम करेंगे। यहां पर एक बेस बनाने की तैयारी है। आगामी मिशन को लेकर 6 महीने तक ये अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन पर एक्सीपेरिमेंट करेंगे। इसे लेकर चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी के उप निदेशक लिन ज़िकियांग ने बुधवार को कहा कि चीन चंद्र मिशनों का विकास सुचारू रूप से आगे बढ़ा रहा है। साथ ही साथ लिन ने चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर शेनझोउ 20 मिशन की घोषणा करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि एक सुपरहैवी रॉकेट, मेंगझोउ चालक ग्रुप के अंतरिक्ष यान और चंद्र लैंडर की सुरक्षा और विश्वसनीयता पर केंद्रित होंगे। आगे कहा कि लॉन्च या रॉकेट की विफलता की स्थिति में या उड़ान के दौरान उस बिंदु पर कुछ गलत होने पर जब अंतरिक्ष यान सबसे अधिक हवा के गति से उत्पन्न हुए तनाव का सामना करता है।

चंद्रमा पर टिकी हुई हैं निगाहें

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी को अपने आर्टेमिस कार्यक्रम में कई अन्य देरी का सामना करना पड़ा है, जो 1972 में अपोलो कार्यक्रम के अंतिम मिशन के बाद पहली बार अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर वापस लाएगा। बता दें कि चीन और अमेरिका दोनों की निगाहें चंद्रमा पर टिकी हुई है। दोनों यहां पर मानव उपस्थिति का इरादा रखते हैं। जो भी देश पहले ऐसा कर सकता है वो चंद्रमा की स्थिति से परिचित हो जाएगा।

किए जाएंगे जमीनी परीक्षण

चालक दल को सुरक्षित निकालने के लिए अंतरिक्ष यान की प्रणालियों की क्षमता का आकलन करने के लिए जमीनी परीक्षण किए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि टेक्नीशियन चंद्र लैंडर पर एक एकीकृत लैंडिंग और टेक-ऑफ वेरिफिकेशन, रॉकेट के टेथर्ड इंजन इग्निशन परीक्षण और कम ऊंचाई वाली उड़ान भी करेंगे। साथ ही बताया हम निर्धारित समय पर चंद्रमा पर मनुष्यों को लॉन्च करने के लिए एक ठोस आधार तैयार करने के लिए सभी परीक्षणों के सफल समापन को सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। बता दें कि दिसंबर में, नासा ने घोषणा की कि उसके स्पेस लॉन्च सिस्टम और ओरियन अंतरिक्ष यान की पहली चालक दल वाली उड़ान इस साल के अंत से 2026 की तक जा सकती है।

अपनी जगह से खिसक जाएंगे दुनिया के ये दो हिस्से, दिखेगा भयानक मंजर

5 मार्च को जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स पत्रिका में पृथ्वी के नॉर्थ और साउथ पोल्स को लेकर एक सेटडी प्रकाशित हुआ है। स्टडी में ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक बर्फ की चादरों से पिघले पानी को में ध्यान में रखा गया है। रिसर्चर ने पाया कि क्लाइमेट में लगातार बदलाव की वजह से पृथ्वी के नॉर्थ और साउथ पोल्स के अपनी मौजूदा स्थिति से 90 फीट तक खिसकने का खतरा है। क्लाइमेट में लगातार बदलाव की वजह से पृथ्वी के नॉर्थ और साउथ पोल्स के अपनी मौजूदा स्थिति से 90 फीट तक खिसकने का खतरा है।

वॉशिंगटन। यह खुलासा एक स्टडी में हुआ है जिसमें कहा गया है कि बर्फ की चादरों के पिघलने से ओसियन का मास प्लानेट के चारों तरफ फिर से बंट जाएगा। हालांकि, यह मंजर साल 2100 तक सामने आने की संभावना है। यह बदलाव 89 फीट का होने की उम्मीद है और यह प्लानेट के रोटेशन एक्सिस में बदलने के कारण होगा। यह स्टडी 5 मार्च को जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स पत्रिका में प्रकाशित हुआ था।

रिसर्चर ने कहा कि पोल्स की स्थिति में बदलाव से प्लानेट और स्पेसशिप नेविगेशन मुतासिर होगा। स्टडी में ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक बर्फ की चादरों से पिघले पानी को में ध्यान में रखा गया। इसके बाद ग्लेशियर के पिघलने को भी ध्यान में रखा गया। स्टडी में पता चला है कि पृथ्वी अपनी धुरी पर तब डगमगाने लगती है, जब प्लानेट के द्रव्यमान के डिस्ट्रीब्यूशन में परिवर्तन होता है। यह डगमगाहट नियमित और पूर्वानुमानित है और कई परिवर्तनों की वजह से हो सकती है, जैसे वायुमंडलीय दबाव और समुद्री धाराओं में परिवर्तन। हालांकि, कभी-कभी कोर और मेंटल के बीच की इंटरैक्शन भी ऐसा होने का कारण बन सकती है।

'इंसानों ने जो कुछ किया है'

इसका मतलब है कि 'पृथ्वी की सतह पर मौजूद भूमि हिमयुग के ग्लेशियरों के भार के नीचे दब गई और जब वे पिघले तो ऊपर उठ गई।' इससे पृथ्वी की पपड़ी में भार का वितरण बदल जाता है, जिसके परिणामस्वरूप पोल्स में बदलाव होता है। कियानी शाहवंदी ने कहा, 'इसका मतलब है कि इंसानों ने जो कुछ किया है, उससे पोल्स में बदलाव हिमयुग के प्रभाव से कहीं ज़्यादा हुआ है।' रिसर्चर ने कहा कि पृथ्वी के रोटेशन एक्सिस का इस्तेमाल स्पेसशिप के स्थान का मानचित्रण करने के लिए किया जाता है, तथा पोल्स में होने वाले बदलाव से सैटेलाइट्स और अंतरिक्ष यान के नेविगेशन पर प्रभाव पड़ेगा।

अर्थ साइंटिस्ट ने बताया

स्टडी के सह-लेखक मुस्तफा कियानी शाहवंदी ने लाइव साइंस को बताया, 'यह प्रभाव ग्लेशियल आइसोस्टेटिक समायोजन के प्रभाव से कुछ हद तक ज्यादा है, जो कि अंतिम हिमयुग की समाप्ति के बाद ठोस पृथ्वी के पलटाव का प्रभाव है।' कियानी वियना यूनिवर्सिटी में एक पृथ्वी वैज्ञानिक हैं।

फिर भी खतरा बरकरार

उन्होंने पाया कि अगर पूरी दुनिया में अत्यधिक गर्मी बढ़ती है, तो 2100 तक नॉर्थ पोल 89 फीट से ज्यादा पश्चिम की तरफ खिसक सकता है। लेकिन, अगर हालात इतने खराब नहीं होते, तब भी पोल 1900 की अपनी स्थिति की तुलना में 39 फीट तक खिसक सकता है।

कई स्टडीज से पता चला

कई अन्य स्टडीज से भी पता चलता है कि मास डिस्ट्रीब्यूशन में परिवर्तन पृथ्वी के पोल्स को ट्रान्सफर कर सकता है। ताजा अध्ययन ईटीएच ज्यूरिख के रिसर्चर द्वारा किया गया था। उन्होंने 1900 से 2018 तक पोल्स की गति और बर्फ की चादर पिघलने के अनुमानों पर गौर किया, ताकि यह पता लगाया जा सके।

600 रुपए के चक्कर में गंवा दिए 72 लाख

टोक्यो। हमें बचपन से ही सिखाया जाता है कि अपना काम हमेशा ईमानदारी से करना चाहिए। जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए ये जरूरी भी है, लेकिन ये भी सच है कि मौका मिलने पर कम ही लोग अपने इस उसूल पर कायम रह पाते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ जापान में ड्राइविंग का काम करने वाले एक शख्स के साथ। उसने जिंदगी के 30 साल ईमानदारी से काम किया, लेकिन एक दिन उसके जरा से लालच ने सबकुछ बर्बाद कर दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक जापान के एक बस ड्राइवर को अंदाजा भी नहीं था कि उसकी छोटी सी गलती कितनी बड़ी सजा दिला सकती है। सिर्फ 600 रुपए के चक्कर में उसके हाथों से 72 लाख रुपए की बड़ी रकम निकल गई। पूरा मामला काफी दिलचस्प है, जिसमें छोटी सी चोरी ने शख्स की जिंदगीभर की मेहनत पर मानो पानी फेर दिया। मामला साल 2022 का है, जिसमें क्योटो म्यूनिसिपल ट्रांसपोर्टेशन ब्यूरो को डैशकैम फुटेज चेक करते वक्त एक बस ड्राइवर बेईमानी करता हुआ दिखा। जापान की सिटी बस का ये ड्राइवर ग्राहक से किराया लेने के बाद इसे नियमों के मुताबिक किराया प्रोसेस करने वाली मशीन पर नहीं रखता, बल्कि सीधा अपने पास रख लेता है। इसमें 597 रुपए ज्यादा होते हैं। जब उससे इसके बारे में पूछा गया, तो उसने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया, जिसके फलस्वरूप उसे जो भुगतना पड़ा, वो बड़ा नुकसान था। इस घटना के जवाब में विभाग की ओर से 29 साल काम कर चुके ड्राइवर की 12 मिलियन येन यानि 71,69,975 रुपए की पेंशन रोक दी गई। ये मामला कोर्ट में भी पहुंचा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसमें यही कहा कि ड्राइवर की बेईमानी है, जो उसने किराये में से चोरी की। ट्रांसपोर्ट ब्यूरो की ओर से भी कहा गया कि अगर कड़े कदम नहीं उठाए गए तो संस्था बेपरवाह हो सकती है।

Raipur Municipal Corporation
White House, Azad Chowk Rd, Near Mahila Police Thana, Chottapara, Janta Colony, Raipur, Chhattisgarh 492001
Phone 0771-2535780, Email: dc_rmc@rediffmail.com

RFP NOTICE

NIT No. 72/FINANCE/RMC/2025 Date: 24/04/2025

"RFP for Selection of chartered Accountant firm for Preparation of books of Accounts, And Management Consultancy Services of Raipur Municipal Corporation."

System Tender No	Name of Work	EMD	REP Dcoument Fee
167431	"RFP for Selection of Chartered Accountant firm For Preparation of books of Accounts, And Management Consultancy Services of Raipur Municipal Corporation."	INR 50,000/-	INR 2,000/-

1. RFP documents can be seen on the website https://eproc.cgstate.gov.in and downloaded from the said portal.
2. The RFP can be postponed or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.
3. Modifications/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised in the newspaper but shall be published in the departmental website only. The undersigned reserves the right to change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.
4. The eligible bidder may submit their bid with the RFP document along with EMD as detailed in RFP document. The Bid must be delivered through Registered post/Speed post only on address below to reach by 16/05/2025 by 04:00 PM. No personal deliver will be entertained.

Addl. Commission
Raipur Municipal Corporation
Raipur Chhattisgarh

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

कार्यालय, नगर पंचायत सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)
Email-npsargaoncmo@gmail.com

क्रमांक/51/ लो.नि.वि./ न.पं./2024-25 **मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना** सरगांव, दिनांक 21/04/2025

नगर पंचायत सरगांव क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक निविदा हेतु निम्न कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन ठेकदारो से PWD (Building/Road SOR 01-01-2015/Non SOR) एवं जलप्रदाय, विद्युत सामाग्री, स्टेशनरी सामाग्री एवं सफाई सामाग्री हेतु पंजीकृत निर्माण एजेंसी फर्म या अधिकृत विक्रेता से त्रिलिफाफा पध्दति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 05.05.2025 समय 5:30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि :- 08.05.2025 समय 5:30 बजे
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 14.05.2025 समय 4:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 14.05.2025 समय 4:30 बजे

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखो में)	निविदा प्रपत्र शुल्क	अमानत राशि	रिमार्क
1	जोनल टेंडर (भवन SOR)	9.60 (1 कार्य 3.00 लाख तक)	750.00	10000.00	-
2	जोनल टेंडर (रोड SOR)	9.60 (1 कार्य 3.00 लाख तक)	750.00	10000.00	-
3	जोनल टेंडर (PHE SOR) बोर खनन/पाईप लाईन	9.75	750.00	10000.00	-
4	जल प्रदाय सामाग्री क्रय (सूची के अनुसार)	9.90	750.00	10000.00	-
5	विद्युत सामाग्री प्रदाय कार्य (सूची के अनुसार)	6.00	750.00	6000.00	-
6	स्टेशनरी सामाग्री कार्य (सूची के अनुसार)	5.00	750.00	5000.00	-
7	सफाई सामाग्री प्रदाय कार्य (सूची के अनुसार)	5.00	750.00	5000.00	-

टीप :- 1. जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, पिछले 2 वर्ष का आयकर रिटर्न जी.एस.टी., पेनकार्ड, ईपीएफ पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। तथा उक्त निविदा विभागीय वेबसाईड http:uad.cg.gov.in से भी देखी जा सकती है।

परमानंद साहू
अध्यक्ष-नगर पंचायत सरगांव

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) (आदिवासी विकास शाखा)
Phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441,
Email : actd.dantewada@nic.in

क्रमांक / 113 /आ.वि./निर्माण/2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 16/04/2025

:: संशोधित संक्षिप्त निविदा ::

कार्यालयीन आदेश क्रमांक 63 दिनांक 09.04.2025 के द्वारा आदिवासी पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास कटेकल्याण के भवन निर्माण हेतु 246.00 लाख रूपये की निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसका जी क्र. 252600286/2 है।

उक्त निविदा में आंशिक संशोधित किया गया है, आदिवासी पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास कटेकल्याण का भवन निर्माण कार्य जिसकी लागत राशि 141.00 लाख रूपये माना जावेगा।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास दंतेवाड़ा

जी-252600456/4

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ. ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
निविदा निरस्तीकरण सूचना

स. क्र.	कार्य का नाम	निविदा सूचना क्र./ सिस्टम निविदा क्र./ दिनांक	अनुमानित लागत	निविदा निरस्त होने का कारण
1	धमतरी जिले के विकासखण्ड कुरूद के महानदी परियोजना अंतर्गत महानदी मुख्य नहर के आर.डी. 28.89 कि.मी. पर क्रास रेग्यूलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य।	07/व.ले.लि./ 2024-25 / 164162 दिनांक 10.01.2025 (प्रथम आमंत्रण) (जी. नंबर 242505309)	रू. 433.38 लाख	एकल निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. बांध संभाग क्र. 2, रूद्री
कृते मुख्य अभियंता, महानदी
परियोजना जल संसाधन विभाग,
रायपुर, (छ.ग.)

जी-252600473/3

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

:: शुद्धि-पत्र ::

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3323162/छ.ग./2023 / 3163 दिनांक 08.04.2025 द्वारा उपअभियंता (सिविल) बैकलॉग के 08, उपअभियंता (सिविल) नियमित के 97, उपअभियंता (वि./यां.) बैकलॉग के 07 एवं उपअभियंता (वि./यां.) नियमित के 09 रिक्त पदों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, नवा रायपुर, अटल नगर / संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर के माध्यम से भरे जाने हेतु संशोधित विज्ञापन जारी किया गया है, के कालम 15 में अंकित HH (Hearing Impairment) के स्थान पर HH (Hard of Hearing) प्रतिस्थापित किया जाता है।

विज्ञापन का शेष विवरण, नियम, शर्ते / कंडिका यथावत रहेगा।

जी-252600184

नोडल अधिकारी / कार्यपालन अभियंता,
वास्ते प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
नवा रायपुर, अटल नगर

जी-252600478/3

कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित
कटघोरा वनमण्डल कटघोरा, जिला कोरबा (छ. ग.)
Tel : 07815-299441, E_Mail : tpkatghora@gmail.com

प्रबंधक नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन-पत्रों में दावा-आपत्ति

जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, कटघोरा के अन्तर्गत आने वाली प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, तानाखार, चोटिया, पिपरिया एवं मुरली के रिक्त प्रबंधक पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त आवेदन पत्रों में पात्र-अपात्रों की सूची जिला यूनियन कार्यालय, कटघोरा वनमंडल कटघोरा एवं समिति कार्यालय में चस्पा की गई है। यदि किसी आवेदक को उक्त सूची में दावा-आपत्ति हो तो कार्यालयीन समय में दिनांक 28.04.2025 से 05.05.2025 के मध्य दावा-आपत्ति मय अभिलेख सहित जिला यूनियन कार्यालय, कटघोरा वनमंडल कटघोरा में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगी।

प्रबंध संचालक
संवाद-43637 जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित कटघोरा

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग -मंत्रालय- महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर

//विज्ञापन//

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 04/04/2025

कमांक 344/ESTB-2035/14/2025 REVENUE/सात- 4 :- भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्र. 30 सन 2013) की धारा 51 की उप-धारा (1) के अंतर्गत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एफ 4-47/सात-1 / 2015, दिनांक 28 जनवरी 2016 द्वारा गठित राज्य स्तरीय "भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण" हेतु स्वीकृत "पीठासीन अधिकारी (जिला न्यायाधीश संवर्ग में छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा से)" के रिक्त 01 पद को भरने के लिए, इच्छुक व्यक्तियों से संपूर्ण विवरण सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र निम्नांकित पते पर प्राप्त होना चाहिए :-

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, (कक्ष क्रमांक एम-1-23) के कार्यालय में, कार्यालयीन समय पर दिनांक 30/04/2025 तक (फैक्स नं. 0771-2510160), अथवा राजस्व विभाग के ई-मेल पते- revenue.cg@nic.in) प्राप्त हो, पर विचार किया जायेगा।

1. नियुक्ति के लिए अर्हताएं-भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्र. 30 सन 2013) की धारा 53 के अनुसार अर्हताएं निर्धारित होंगी।
2. नियुक्ति हेतु चयन की रीति- पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से की जायेगी।
3. पीठासीन अधिकारी की पदावधि-राज्य स्तरीय गठित प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी, उस तारीख से, जिसको वह अपना पद ग्रहण करेगा, तीन वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु पूरी करने तक, जो भी पूर्वत्तर हो, पद धारण करेगा।
4. पीठासीन अधिकारी के वेतन और भत्ते तथा उनकी सेवा के अन्य निबंधन और शर्ते अधिनियम की धारा 56 के अनुसार प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी को संदेय वेतन और भत्ते तथा उसकी सेवा के अन्य निबंधन और शर्ते (जिनके अंतर्गत पेंशन, उपदान और अन्य सेवानिवृत्ति फायदे भी हैं) वही होंगी, जो विहित की जाएं।
5. रिक्तयों का भरा जाना- प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी के पद में, अस्थायी अनुपस्थिति से भिन्न किसी कारण से कोई रिक्ति होती है तो उस रिक्ति को भरने के लिए, उपरोक्त खण्ड 2, 3 एवं 4 में विहित मापदण्ड अनुसार किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति की जा सकेगी।
6. सेवा से त्याग पत्र और हटाया जाना-

(1) प्राधिकरण का पीठासीन अधिकारी, राज्य शासन को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लिखित सूचना द्वारा अपना पद त्याग सकेगा, परन्तु पीठासीन अधिकारी, जब तक उसे शीघ्र अपना पद त्यागने के लिए राज्य शासन द्वारा अनुज्ञात नहीं किया जाता है, तब तक ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारिख से तीन मास की समाप्ति तक या उसके उत्तरवर्ती के रूप में सम्यक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा उसका पद ग्रहण करने तक या उसकी पदावधि की समाप्ति तक जो भी पूर्वत्तर हो, पद धारण करता रहेगा ।

(2) पीठासीन अधिकारी को, उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश द्वारा किसी प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी के मामले में ऐसी जांच किए जाने के पश्चात जिसमें संबंधित पीठासीन अधिकारी को उसके विरूद्ध आरोपों के बारे में सूचित किया गया हो और उन आरोपों के संबंध में सुने जाने का युक्ति-युक्त अवसर दिया गया हो, साबित कदाचार या अक्षमता के आधार पर राज्य शासन द्वारा किये गये आदेश के सिवाय, उसके पद से नहीं हटाया जायेगा।

7. प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी की शक्तियों और उसके समक्ष कार्यवाही - राज्य स्तरीय प्राधिकरण को, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) के अधीन अपने कृत्यों के प्रयोजन के लिए, वही शक्तियां होंगी, जो सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 (1908 का 5) के अधीन किसी सिविल न्यायालय मे निहित है।

(अन्वेष घृतलहरे)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-252600484/2

कार्यालय, कृषि उपज मंडी समिति कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/मंडी/निर्माण/25-26/46 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटघोरा, दिनॉक 24.04.2025

लोक निर्माण विभाग छ.ग. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" (तीन लिफाफा पद्धति) में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत दिनॉक :- 19.05.2025 (अपरान्ह 5.00 बजे)
2. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि :- 21.05.2025 (अपरान्ह 5.00 बजे)
3. निविदाऐं रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट से कार्यालय में प्राप्त करने का दिनॉक :- 27.05:2025 (अपरान्ह 5.00 बजे)
4. निविदा खोलने का दिनॉक :- 29.05.2025 (दोपहर 12.00 बजे से)

क्र.	कार्य का नाम	धान उपार्जन केन्द्र का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	बयाने की राशि रू. (एफ.डी. आर.में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्या वधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	लागू दर अनुसूची
1	धान उपार्जन केन्द्र तुमान में 03 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य।	तुमान	4.82	5000	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	लोक निर्माण विभाग भवन/ सड़क कार्य हेतु दिनॉक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.
2	धान उपार्जन केन्द्र तुमान में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य।	तुमान	8.55	8600	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
3	धान उपार्जन केन्द्र लैंगा में 04 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य।	लैगा	6.42	6500	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
4	धान उपार्जन केन्द्र लैंगा में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य।	लैगा	8.55	8600	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
5	धान उपार्जन केन्द्र तानाखार में 04 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य।	तानाखार	6.42	6800	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
6	धान उपार्जन केन्द्र तानाखार में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य।	तानाखार	8.55	8600	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
7	धान उपार्जन केन्द्र नुनैरा में 05 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य।	नुनैरा	8.02	8000	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
8	धान उपार्जन केन्द्र नुनैरा में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य।	नुनैरा	8.55	8600	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
9	धान उपार्जन केन्द्र बकसाही में 05 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य।	बकसाही	8.02	8000	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
10	धान उपार्जन केन्द्र बकसाही में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य।	बकसाही	8.55	8600	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
11	धान उपार्जन केन्द्र पोटापानी में 03 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य।	पोटापानी	4.82	5000	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
12	धान उपार्जन केन्द्र पोटापानी में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य।	पोटापानी	8.55	8600	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
13	धान उपार्जन केन्द्र सपलवा में 05 नग पक्का चबुतरा निर्माण कार्य।	सपलवा	8.02	8000	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
	धान उपार्जन केन्द्र सपलवा में 01 नग पक्का फड़ निर्माण कार्य।	सपलवा	8.55	8600	डी एवं उच्च	4 माह	1000/-	
	योग							

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त / देखे जा सकते है, जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग होगा।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति कटघोरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

संवाद-43633

प्रथम पृष्ठ का शेष

अलविदा दिनेश...

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शव को कंधा दिया। दिनेश को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के पहले उनके निवास में परिजनों को सांत्वना देने राज्यपाल रामेन डेका, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पहुंचे। जिस दिन कारोबारी को आतंकियों ने गोली मारकर हत्या की, उसी दिन उनकी मैरिज एनिवर्सरी थी। कारोबारी अपनी पत्नी, बेटा तथा बेटी के साथ एनिवर्सरी सेलिब्रेट करने पहलगाम स्थित बैसरन घाटी गए थे। इस दौरान आतंकी ने कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। **अंतिम संस्कार होते तक रुके मुख्यमंत्री-**मृतक कारोबारी की सुबह नौ बजे शव यात्रा निकाली गई। साढ़े नौ बजे के करीब शव यात्रा मारवाड़ी मुक्तिधाम पहुंची। अंतिम संस्कार करने के पूर्व अनुष्ठान किए गए। साढ़े दस बजे के करीब दिनेश का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार होते तक मुख्यमंत्री श्री साय सहित गृहमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित तमाम जनप्रतिनिधि मुक्तिधाम में रुके रहे।

टूर ऑपरेटर्स ने...

यात्रा के शुरू होने से पहले डेप्लॉयमेंट हर साल जून के महीने में होता है। पहलगाम हमले को लेकर आयोजित सर्वदलीय बैठक में विभिन्न दलों के नेताओं ने आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की मांग की। बैठक में विपक्षी सांसदों ने सुरक्षा चूक का मुद्दा भी उठाया। हालांकि, उन्होंने सरकार को आश्वासन दिया कि वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उसके साथ हैं। बैठक के बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि सभी दलों ने सरकार से आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि बैठक में संभावित सुरक्षा चूक पर भी चर्चा हुई, लेकिन विपक्ष ने सरकार को आश्वासन दिया कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उसके साथ है। बंद्योपाध्याय ने कहा, आतंकवाद को खत्म करने की इस लड़ाई में राष्ट्र को पूरी तरह एकजुट होना होगा। बैठक में सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को पहलगाम आतंकवादी हमले की जानकारी दी और उनके विचार सुने। बैठक शुरू होने पर पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के सम्मान में कुछ देर का मौन रखा गया। सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीरीजू मौजूद थे। राजनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी उपस्थित थे। बैठक में हिस्सा लेने वाले अन्य नेताओं में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) की सुप्रिया सुले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रफुल्ल पटेल, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन औवेसी, बीजू जनता दल (बीजद) के सस्मित पात्रा, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के लावु श्रीकृष्ण देवरायलु, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सुदीप बंदोपाध्याय, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रेमचंद गुप्ता, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टी शिवा और समाजवादी पार्टी (सपा) के रामगोपाल यादव शामिल हैं। सर्वदलीय बैठक के एक दिन पहले सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा की थी।

गरियाबंद में दो...

दिखाई दिए हैं और दो भैंसों का शिकार भी हुआ है। इससे एक दिन पहले, 23 अप्रैल को सरपंच पचत राम लिंसिंह ने भी बाघ के पैरों के निशान देखे जाने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की एंटी पॉचिंग टीम और पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची और गहन निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान बाघ के कई पगमार्क मिले और लगभग 100 मीटर की दूरी पर दो मरी हुई भैंसें भी मिलीं, जिनका शिकार बाघ द्वारा किया गया था।

जंगल में अकेले...

लाई गई है और कैमरा ट्रैप भी लगाए जा रहे हैं, जिससे बाघों की पहचान उनके स्ट्राइप पैटर्न के जरिए की जा सके। गौरतलब है कि अक्टूबर 2022 में आखिरी बार इस क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी कैमरा ट्रैप में कैद हुई थी और दिसंबर 2022 में अंतिम मल सैंपल एकत्र किया गया था। इसके बाद पहली बार अब बाघ की उपस्थिति दर्ज की गई है।

अगले 48 घंटों...

लोग दोपहर में तो झूलसाने वाली गर्मी का सामना कर ही रहे हैं, सुबह और रात में भी राहत नहीं मिल रही है। आने वाले तीन दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद आगामी दिनों में 2-3 डिग्री की कमी आ सकती है। अर्थात अगले सप्ताह गर्मी से कुछ हद तक राहत की उम्मीद है। अप्रैल माह में मध्य छग सर्वाधिक तपेगा। यहां अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री तक रहने का पूर्वानुमान लगाया गया है। गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक 29.6 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म दुर्ग रहा। यहां गुरुवार को तापमान 44.2 डिग्री पहुंच गया। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 19.6 डिग्री रहा। यहां सुबह और देर रात अपेक्षाकृत राहत की स्थिति है।

26 को बस्तर...

रहने की संभावना है, फिर भी बस्तर संभाग के जिलों में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन होने कारण के कारण 26 अप्रैल से प्रदेश के बस्तर संभाग से वर्षा के दौर का प्रारंभ होने की सम्भावना है, जिसके कारण प्रदेश में गर्मी से हल्की राहत होने की शुरूआत होने की संभावना है।

5000 जवानों ने...

गौरतलब है कि हाल ही में नक्सलियों ने ग्रामीणों को चेतावनी देते कहा था कि वे करेंगुट्टा की पहाड़ी में न चढ़ें क्योंकि वहां बम प्लांट किया गया है इससे नुकसान हो सकता है। इसी के बाद नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन चलाया जा रहा है जो पिछले 72 घंटे से जारी है। बीजापुर के करेंगुट्टा की पहाड़ी में मौजूद देश के मोस्ट वांटेड 300 से अधिक नक्सलियों को घेरने के लिए सबसे कारगर साबित हुए डीआरजी के अलावा एसटीएफ, कोबरा, सीआरपीएफ, बस्तर फाइटर तथा महाराष्ट्र की सी 60 कमांडो और आंध्र के ग्रेहाउंड्स फोर्स के जवानों के साथ वायु सेना को भी शामिल किया गया है। करेंगुट्टा की पहाड़ी को 5000 से अधिक जवानों द्वारा घेराबंदी की गई है। इसके अलावा छग-तेलंगाना-महाराष्ट्र की सीमा पर भी हजारों की संख्या में जवान तैनात किए गए हैं। जवानों ने पहाड़ी पर मौजूद माड़वी हिड़मा, दामोदर, देवा समेत कई बड़े लीडर और उनकी बटालियन को घेर कर रखा है। यहा करीब 3 सौ टॉप मोस्ट नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया इनपुट के बाद पिछले 72 घंटे से अधिक समय से अभियान चलाया जा रहा है। इंटेलिजेंस के मुताबिक नक्सलियों के पास पर्याप्त राशन-पानी नहीं है। इसके अलावा मौके पर नक्सलियों की कई कंपनियां मौजूद हैं। इस पूरे इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1 व 2 समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं। बड़े नेता हिड़मा, देवा, विकास समेत तेलंगाना-महाराष्ट्र-आंध्र की सेंट्रल कमेटी, डीकेएसजेडसीएम (दंण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी), डीवीसीएम (डिविजनल कमेटी मेंबर), एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर), संगठन सचिव जैसे बड़े कैडर्स के नक्सली भी यहां मौजूद हैं। **आकाश या पाताल में छुपे नक्सलियों का खात्मा तय-**बस्तर में लाल आंतक का अंत होगा। बीजापुर-तेलंगाना के सरहदी इलाकों में बड़ा ऑपरेशन जारी है। उन्होंने कहा कि, चाहे नक्सली आकाश में छिपें या पाताल में अब उनका खात्मा होगा। वे किसी भी हाल में नहीं बख्शे जाएंगे। अब तक मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त करने का प्रयास जारी है। **सुंदरराज पी, आईजी बस्तर। नक्सलियों को घेरने छग-महाराष्ट्र सीमा पर नेलांगुर कंपनी ऑपरेटिंग बेस-**जानकारी के मुताबिक नक्सलियों को घेरने नेलांगुर कंपनी ऑपरेटिंग बेस आईटीबीपी व छग पुलिस ने स्थापित किया है। नक्सलियों के खिलाफ देश का सबसे बड़ा ऑपरेशन लगातार जारी है। इसके तहत आईटीबीपी और छत्तीसगढ़ पुलिस ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर नेलांगुर कंपनी ऑपरेटिंग बेस (सीओबी) की स्थापना की है। इससे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सुदूर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों के गढ़ों पर नियंत्रण स्थापित हो सकेगा। सुंदरराज पी, आईजी बस्तर।

वायु सेना के एमआई...

सुरक्षा एजेंसियों की नजरें टिकी हुई हैं। बीजापुर समेत महाराष्ट्र और तेलंगाना में पुलिस के आला अधिकारी मौजद हैं। तीन राज्यों से ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही है। जवानों के निशाने पर करेंगुट्टा और नीलम सराय पहाड़ी है, जहां बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल इतिहास के सबसे बड़े ऑपरेशन को लॉन्च किया गया है।

पटवारी और...

एक क्रांतिकारी कदम बता रहे हैं। अब जमीन का पंजीयन होने के बाद ही खरीददार के नाम नामांतरण हो जाएगा। अब इस काम के लिए भूमि स्वामियों को पटवारी-तहसीलदार के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

मारपीट, चोरी...

सुधार कार्यक्रमों का परिणाम हो सकती है। हालांकि, 2024 में यह संख्या फिर से बढ़कर 1963 हो गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5% की वृद्धि दर्शाता है। इन अपराधों में चोरी, मारपीट, नशे से संबंधित अपराध और कुछ मामलों में गंभीर अपराध जैसे हत्या तक शामिल हैं।

नाबालिग ने ...

पुलिस तत्काल मौके पर जाकर शव पंचनामा कार्यवाही कर पीएम कराया गया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 103(1) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की जांच एफएसएल अधिकारी की उपस्थिति में किया गया।

पड़ोसियों को ...

समक्ष पूछताछ कर उसका मेमोरंडम कथन लिया गया, मेमोरंडम कथन में बालिका ने घटना को घटित करना स्वीकार कर लिया।

पिता ने किया ...

आते ही पुनः शराब के नशे में अपनी पुत्री से लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करने पर उतारू हो गया। इस पर अचानक आवेश में आकर नाबालिग बालिका ने घर में रखे टांगी पासा से अपने पिता के सिर में वार कर हत्या कर देना बताया। विधि से संघर्षरत बालिका उम्र 15 साल के विरूद्ध परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं अपराध स्वीकार करना पाये जाने पर उसे 23 अप्रैल को संरक्षण में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

नजाकत की हिफाजत...

पहलगाम के रहने वाले नजाकत अहमद शाह से बात कर पहलगाम में हुए घटना को लेकर बातचीत की। पढ़िए नजाकत के हिफाजत करने की कहानी उन्हीं की जुबानी। मैं टूरिस्ट गाइड का काम करता हूं। तीन महीने विंटर के सीजन में छत्तीसगढ़ में कश्मीरी शाल और सूट बेचने का काम रहता है। 17 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के चिरमिरी से मेरे परिचय के 4 मित्र और उनकी फैमिली कुल 11 लोग आए थे। मैं दो इनोवा लेकर जम्मू से उन्हें रिसीव करने गया। उन्हें मैंने श्रीनगर, गुलमर्ग और सोनमर्ग में घुमाया। लास्ट में हमने पहलगाम इसलिए रखा था की छत्तीसगढ़ के चिरमिरी से आए लोग मेरे मित्र थे उन्हें मुझे अपने घर मे लाकर मेहमान नवाजी करनी थी। कश्मीर की पहचान है मेहमान नवाजी जो यहां वर्षों से चली आ रही है। पहलगाम में मेरे मित्र और उनका परिवार होटल में रुका। अगले दिन हम जिस दिन आतंकी हमला हुआ। उसी दिन हम बैसरन घाटी के लिए निकल पड़े जिसको मिनी स्विट्जरलैंड बोला जाता है। बैसरन में जब हम पहुंचे लगभग 12 बज रहे थे, फिर हम अंदर ग्राउंड में गए मेरे दोस्तो और उनके परिवार ने वहां मैगी खाई, घूमे और तब तक फोटोग्राफी हो रही थी। मुझे लगता है उस वक्त दोपहर डेढ़ से 2 के बीच का समय था। मेरे साथ मेरा बड़ा भाई जैसा दोस्त कुलदीप स्थापक (पार्षद पूर्वा स्थापक के पति) था। मैंने उनको बोला घोड़े वाले बोल रहे है लेट हो रहा है चलो चलते है तो कुलदीप ने बोला कि इतनी दूर आये है थोड़ा और फ़ोटो खिंचवा लेते है। तब तक उसी दौरान जब हम बाहर निकल रहे थे तो एक दो फायरिंग की आवाज सुनाई दी तो कुलदीप ने पूछा कि ये कैसी आवाज आ रही है, तो मैंने कहा, शायद बच्चे पटाखे फोड़ रहे होंगे। इसी बीच फायरिंग और बढ़ी तो ग्राउंड में हलचल भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई और लोग जमीन पर लेट गए। उस दौरान कुलदीप स्थापक के बेटे और अरविंद अग्रवाल की बेटी को लेकर मैं भी जमीन पर लेट गया।

ऐसे हुई नजाकत की...

हो गया। शिवांश ने बताया कि हम लोग 2020 में ही कश्मीर घूमने जाने वाले थे, लेकिन नहीं जा पाए, उसके बाद कोरोना काल आ गया। शिवांश ने बताया कि मार्च महीने में हीं नजाकत चिरमिरी आया था मेरे साथ चिरमिरी में घुमा। साथ मे खाना खाया।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

epaper- www.haribhoomi.com

हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी
सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

आवश्यकता है

आवश्यकता है- घरेलू सभी कार्य करने हेतु 24घंटे के लिए एक लड़की की आवश्यकता है रहना खाना की सुविधा घर पर दी जावेगी वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 95225 23456 **(37536)**

आवश्यकता है- छोटा हाथी पिकअप चलाने के लिए 2 ड्राइवर एवं दुकान में हमाली का काम करने के लिए 1 लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शारदा एजेन्सी व्यापार विहार बिलासपुर 9926124555 **(37528)**

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बजाज रोप सेन्टर गोल बाजार बिलासपुर **(37529)**

आवश्यकता है- आशीष रोड लाइन फर्म में ऑफिस कार्य हेतु दो लोगों की आवश्यकता है। मिनिमम क्वालीफिकेशन 12वीं पास सम्पर्क करें- आशीष रोड लाइन्स, झांझरिया मेंशन के पास, स्टेशन रोड बिलासपुर 7000857988 **(37534)**

आवश्यकता है- कम्प्यूटर आपरेटर- 1 एवं ऑफिस स्टाफ- 1 की आवश्यकता है। वेतन 9000 से 10000 सम्पर्क करें- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी, गुम्बर पैट्रोल पम्प के सामने, व्यापार विहार रोड बिलासपुर **(37532)**

आवश्यकता है- वेटर/ झाड़ू पोछा सफाई के लिए कर्मचारी/ लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000 ग्रामीणों को रहना खाना निःशुल्क। सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898, 9827940898 **(37530)**

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य करने हेतु फुल टाइम एकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे Tally Prime/ Busy अनुभव हो, सम्पर्क करें- अविनाश मोदी, पी-2 संजय अपार्टमेंट व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 **(37531)**

आवश्यकता है- टूव्हीलर स्पेयर पार्टस दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- के.सी. ऑटो जोन, दुकान नंबर C-15, नेताजी सुभाष काम्पलेक्स जरहाभाठा, बिलासपुर 95187 58725 **(37518)**

आवश्यकता है-OMI कम्पनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28वर्ष आय 8500 से 18000 +रहना खाना सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, बिलासपुर 88188 77406, 9644433021 **(37513)**

आवश्यकता है
आया बाई
(हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु)
नर्सिंग स्टॉफ
काउंटर स्टाफ
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक
07752-226296, 402543

आवश्यकता है- सूटकेस दुकान में साफ सफाई हेतु 3 लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार समय सुबह 10 से रात्रि 10बजे तक सम्पर्क करें- बालाजी बैग हाउस, टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9827955578 **(37535)**

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समेन एवं लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8349490519 **(37537)**

आवश्यकता है- भारी संख्या में अतिशीघ्र सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247244800, 07752448013 **(37516)**

आवश्यकता है- Udyog Bazaar Ecommerce Industries को Sales Manager, Counselor, Telecaller, Development Officer, Social Media Manager, Video Editor, Content Writer की आवश्यकता है (अनुभव अनिवार्य, Age 25+) वेतन 13000-35000 सम्पर्क करें- A/216, Narayan Plaza, Bilaspur 8085045559, 9111881999 **(37524)**

आवश्यकता है-उसलापुर स्थित लॉण्ड्री में कपड़े आयरन करने के लिए युवक, युवतियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7879021691 **(37507)**

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 81030 72149 **(37523)**

आवश्यकता है-खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रुपए सम्पर्क करें- 9754293974 **(37505)**

आवश्यकता है-कक्षा पहली से 12वीं तक सभी विषय एवं कक्षा 11वीं, 12वीं में फिजिक्स, कैमेस्ट्री पढ़ाने हेतु शिक्षक शिक्षिकाएं चाहिए बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- प्राचार्य गायत्री विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला लालखदान मस्तूरी रोड बिलासपुर 96911 65674 **(37508)**

आवश्यकता है-प्रिंटिंग युनिट को चाहिए मैनेजर, (प्रिंटिंग का जानकार)- 1, एकाउंटेंट फीमेल-1, ग्राफिक डिजाइनर-2, सैलरी 10000 से 20000 बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- प्रिंट आइडिया, सुभाष कॉम्प्लेक्स, जरहाभाठा बिलासपुर 7999415807 **(37510)**

आवश्यकता है-थोक मनिहारी दुकान में कार्य हेतु मेहनती लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। ग्रामीण एवं अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- माँ वैष्णो सुहाग भंडार मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 99818 46972 **(37499)**

आवश्यकता है-बुकिंग में इनोवा, क्रिस्टा कार चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्रायवर चाहिए जो आटोमेटिक गाड़ी चलाना जानता हो फिक्स वेतन 16000 या 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट, बाहरी के रहने की व्यवस्था सम्पर्क सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स 97554 4037, 6264125145 **(37512)**

आवश्यकता है-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके अंबिकापुर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 93033 74409, 8279232601 **(0325)**

आवश्यकता है-प्लाईवुड शोरूम में फील्ड सेल्स कार्य हेतु मार्केटिंग पर्सन-2, शिक्षित, अनुभवी, लड़के चाहिए वेतन 10000 से 40000+ बोनस+ कमीशन+ पेट्रोल। बाइक अनिवार्य। रिज्यूम 9608777772 पर Whats App **करें। अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें-**SS Plywood **महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9589687772 (37454)**

आवश्यकता है-LLB ग्रेजुएट ट्रेनी (English drafting में कुशल) एवं कामर्स ग्रेजुएट ट्रेनी (टैली, GST) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सीए दिनेश कुमार अग्रवाल, मेन रोड विद्या नगर बिलासपुर 9981846752, 7440969033 **(37511)**

आवश्यकता है-Farmers Pride Organic Stores में आवश्यकता है (M/F) घरेलु काम एवं साफ सफाई हेतु हेल्पर चाहिए सैलरी 6000 सम्पर्क करें- मेन रोड नेचर सिटी गेट सकरी रोड बिलासपुर 7225849081 **(37501)**

आवश्यकता है-ज्वेलरी शोरूम कार्य करने हेतु में ग्रेजुएट व्यक्ति की आवश्यकता है कार्य समय सुबह 10 बजे से रात 9.30 बजे तक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें– सदर बाजार बिलासपुर 97705 07206 **(37506)**

Requirment- Applications are invited from candidates to teach Mathematics for Middle School and Economics & Business Studies. Candidates should have postgraduation with B.Ed. and must be fluent in English. Eligible candidates may appear for an interview on **25th** April **2025** (Friday) from **9** a.m. to **11** a.m. in the Bharat Mata English Medium Higher Secondary School Bilaspur with all the credentials. Secretary Bharat Mata English Medium School Bilaspur 07752-247188 **(37498)**

आवश्यकता है-छड़, सीमेंट दुकान कार्य करने के लिए मेहनती लड़कों वेतन 12000 एवं ट्रैक्टर चलाने हेतु ड्राइवर वेतन 10000 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 93003 07926, 9993443207 **(37256)**

आवश्यकता है-जनरल दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़को, लड़कियों और अच्छे सेल्समेन की जरूरत है पेमेंट भरपुर दिया जायेगा सम्पर्क करें- सुनील प्लास्टिक तेलीपारा अजीत होटल के सामने बिलासपुर **(37292)**

आवश्यकता है-(1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य हेतु साइट सुपरवाइजर, साइट इंजीनियर (2) रियल एस्टेट टेलीकालिंग, सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 **(37450)**

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्ति चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना बर्तन कपड़े धोने का काम है वेतन 10,000/- खाने रहने की सुविधा नशेड़ी संपर्क न करें 7225888800 **(6975)**

आवश्यकता है-सुरक्षा एजेंसी में कार्य करने वाले व्यक्ति संपर्क करें कार्य स्थल होंडा शोरूम, कार शोरूम अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9981630084, 94255 34940 **(061)**

आवश्यकता है-सुरक्षा गार्ड 50 उंचाई 5'-5" योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंक सूची बैंक पास बुक 8 पासपोर्ट फोटो कार्या.- शाप नं-8 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर (छ.ग.) 0771-4036689, 97703 04037, 8120957510 **(046)**

आवश्यकता है- श्री कृष्णा हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर रायपुर के कैंटीन में सभी स्टाफ की आवश्यकता है संपर्क करें:- 94255597710 **(069)**

आवश्यकता है- मैट्रिमोनी ऑफिस कार्य करने हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- बाबजी कालोनी के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9993937575 **(37519)**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 5000/- +कमीशन +बोनस सम्पर्क करें:- नेहरू नगर साईं मंदिर के पास 78059 32585 **(064)**

आवश्यकता है- रायपुर व सभी तहसील व जिला स्तर पर आयुर्वेदिक दवाई सेल्स फील्ड ऑफिसर -20 पद (1-2 वर्ष अनुभवी) चाहिए स्वयं का वाहन अनिवार्य वेतन चर्चानुसार गीता आयुर्वेदिक अवंती विहार रायपुर मोः- 8878461810, 93993 70940 **(7310)**

आवश्यकता है-ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-32, 10th, 12th पास जो आगरा में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 63952 68809, 7252820491 **(319)**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, 18-30वर्ष लड़को की शीघ्र आवश्यकता है जो बाहर रहकर कार्य कर सके। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 76111 01122 7611101133 **(0328)**

आवश्यकता है- एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास ग्रेजुएट लड़के लड़कियां 22500-62500 महीना लोडर चैकर सुपरवाइजर रहना खाना फंड बोनस 8053979338 **(8043)**

आवश्यकता है-रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5, 8, 10 पास हाईट 5'-6" इंच, 4 फोटो आधार कार्ड सहित मिले रहने खाने की सुविधा वेतन 14500 से 19000 सम्पर्क करें 81090 70600 **(7086)**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

बेचना है

बेचना है- बिलासपुर में उसलापुर के पास सागर होम्स फेज-II, कालोनी में दो साइड में रोड वाला कार्नर का डुप्लेक्स 4BHK एक अतिरिक्त किचन वाला मकान अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें 9993283308 **(37526)**

बेचना है-जूना बिलासपुर डबल स्टोरी 214 वर्गफुट मेन रोड दुकान एवं प्रताप टाकीज चौक के पास 9×6 साईज दुकान 25 लाख में बेचना है। सम्पर्क करें- राजेश श्यामनानी 9827168452 **(37500)**

बेचना है-बिलासपुर सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट और व्यापार विहार में दुकान के लिए प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9630083740, 9770676030 **(37509)**

बेचना है- अक्षय तृतीया विशेष ऑफर- बिलासपुर कोरबा हाइवे से लगा T&C कॉलोनी OM Space सकरी में नवनिर्मित सेमीफर्निश्ड रेडी पजेशन 2BHK स्वतंत्र मकान उपलब्ध। कीमत 47.51 लाख, ऑफर अक्षय तृतीया के शुभ अवसर अपने सपनों का घर पाएं और एक एक्टिवा का उपहार भी। ऑफर केवल 1 मई 2025 तक बुकिंग कराने पर सम्पर्क करें- M/S Ghosh Associates 9425220523 9893386286, 98278 75257 **(1793)**

बेचना है- 24×48= 1200 वर्गफीट जमीन मोपका रवि रिसोर्ट पैट्रोल पम्प के सामने 2100 वर्गफीट में बेचना है। मेन रोड से लगा हुआ सम्पर्क करें- 9691596978 **(37525)**

बेचना है- 2BHK फ्लैट फर्स्ट फ्लोर मुंगेली नाका सर्किट हाउस के सामने लिफ्ट पार्किंग सुविधा संपर्क करें 9302078011, 735404 6205 **(37527)**

बेचना है- उसलापुर गोकुल धाम में नवनिर्मित 2-बीएचके 20x40, 800sqft का रेट 29-लाख, अशोक नगर बिरकोना रोड श्रीराम पुरम कॉलोनी में 5-बीएचके डुप्लेक्स नया मकान बेचना है। प्लॉट एरिया 1000sqft पूर्वमुखी रेट 65-लाख मो. 9301107148, 6260944127 अमन श्रीवास, सिद्धि विनायक ट्रेडर्स सरकंडा बिलासपुर **(068)**

बेचना है-ब्रिलियंट स्कूल के पास बहतराई बिलासपुर में सीसी रोड, नाली, बिजली, डायवर्सन, कॉलोनी में प्लॉट एवं मकान उपलब्ध हैं रेल्वे स्टेशन, अपोलो हॉस्पिटल, SECL मुख्यालय मात्र 5 मिनट की दूरी सम्पर्क- 83192 51951, 7828225044 (054)

मकान बेचना है- प्लाट साइज 60x24=1440 कंशट्रक्शन एरिया 3550 किराया 30,000/- माह (तीन फ्लोर) वॉलफोर्ट के समीप रिंगरोड 01, भाटागांव रायपुर (नये बस स्टैण्ड के समीप) मूल्य 90 लाख मो. 9575086006 **(7313)**

बेचना है-हर्ष-फिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 **(36177)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

किराया

किराया- सेन्ट फ्रान्सिस स्कूल के पास 1BHK, 3BHK, 4BHK स्वतंत्र सर्व सुविधा युक्त मकान एवं विनायक प्लाजा उसलापुर में आफिस किराए से देना है सम्पर्क करें- 9755150356, 7999313165 **(37517)**

किराया- फ्लैट किराये पर देना है ग्रीन गार्डन (नीलगिरी अपार्टमेंट) मुंगेली रोड में 3 बेडरूम, सर्वेंट क्वार्टर, नव पुनर्निर्मित सर्वसुविधायुक्त फ्लैट। बैंक अधिकारी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7023445244 **(37504)**



सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



'रुक तो जा, वो भी पैसे ले रहे हैं'... किशन के आउट होने के बाद सहवाग ने किया कमेंट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हैदराबाद के बल्लेबाज इशान किशन मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2025 के 41वें मैच में जिस तरह से आउट हुए वो अपने आप में बड़ा आश्चर्य ही था। अंपायर ने ये विकेट मुंबई को गिफ्ट कर दिया क्योंकि इशान को दीपक चाहर बॉलिंग कर रहे थे और वो जिस गेंद पर आउट हुए उसके लिए किसी ने भी इशान के खिलाफ अपील नहीं की थी।

इशान ने लेग साइड में जा रही गेंद को सिर्फ खेलने की कोशिश की और खुद को आउट समझकर पवेलियन लौटने लगे। इस पर अंपायर ने अपनी अंगुली उठा दी। अंपायर के फैसले से मुंबई के खिलाड़ी हैरान नजर आए तो वहीं इशान ने भी डीआरएस लेने की कोशिश नहीं की, क्योंकि उन्हें भी लगा कि वो शायद आउट हैं।

सिद्धू ने अंपायर को लताड़ा

इशान के पवेलियन लौटने के बाद अल्ट्राएज से पता चला कि भाई, उनका बल्ला तो गेंद से टकराया ही नहीं थी और इशान भी डगआउट में लौट जाने के बाद काफी परेशान नजर आए थे। इशान के इस तरह से आउट होने के बाद वीरेंद्र सहवाग और नवजोत सिंह सिद्धू ने इस पर अपनी राय दी। सिद्धू ने मुंबई के खिलाड़ियों के द्वारा अपील नहीं किए जाने के बावजूद अंपायर के आउट देने के फैसले के लिए अंपायर को दोषी ठहराया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि मुसीबत मोल लेना आसान है क्या आपने कभी किसी अंपायर को बिना अपील के किसी को आउट करार देते देखा है।

ईमानदारी पर उठाए सवाल

सहवाग ने भी इशान की ईमानदारी पर सवाल उठाए और फिर उन्हें याद दिलाया कि उन्हें अंपायर की भूमिका निभाने के लिए पैसे नहीं मिल रहे हैं। इसे दिमाग की कमी बताते हुए सहवाग ने कहा कि अगर ईशान अंपायर के फैसले का इंतजार करते तो मुंबई रिव्यू का विकल्प चुनती जिससे साफ पता चलता कि वह आउट नहीं थे। इशान ने मुंबई के खिलाफ 4 गेंदों पर एक रन बनाए थे।

अंपायर भी पैसे लेता है... फैसले तो लेने दे

क्रिकबज पर सहवाग ने कहा कि कई बार ऐसे समय पर दिमाग काम करना बंद कर देता है। यह दिमागी कमजोरी थी, रुक तो जा, अंपायर भी पैसे ले रहे हैं। उसे अपना काम करने दो। मैं इस ईमानदारी को समझ नहीं पाया। अगर यह एज होता तो यह समझ में आता क्योंकि यह खेल भावना के अनुरूप होता, लेकिन यह न तो आउट था, न ही अंपायर को यकीन था और आप अचानक से मैदान छोड़कर चले गए। तब अंपायर भी दुविधा में पड़ जाता है। रॉकी पोंटिंग कहते थे कि मेरा काम बल्लेबाजी करना है, अंपायर का काम आउट पर फैसला देना है।

खास खबर

कोहली से फीडबैक मिलना अद्भुत अहसास : वढेरा

कोलकाता। पंजाब के युवा खिलाड़ी निहाल वढेरा को तब पता चला कि विराट कोहली उन्हें उनके नाम से जानते हैं तो उनके लिए यह अद्भुत अहसास था और जब उन्हें अपने खेल पर इस महान क्रिकेटर से ही 'फीडबैक' मिला तो उनका दिन ही बन गया। बारिश से प्रभावित मैच में पंजाब किंग्स की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर मिली पांच विकेट की जीत के दौरान नाबाद 33 रन की विजयी पारी खेलने वाले बढेरा ने कहा कि मैच से पहले जब कोहली ने उन्हें पहचाना तो वह भौंचक्के रह गए। वढेरा ने कहा, 'जब मैच से पहले विराट भाई श्रेयस अय्यर से बात कर रहे थे और उन्होंने पंजाबी में पूछा 'की हाल चाल, निहाल' (कैसे हो निहाल?)। मैं सचमुच चौंक गया था। मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें मेरा नाम याद होगा। इससे मुझे बहुत खुशी हुई।' वढेरा ने कहा कि उस पल ने उनके लिए बातचीत की शुरुआत की जिसका वह लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

किताब 'टेस्ट क्रिकेट' में 150 साल की दास्तान



नई दिल्ली। क्रिकेट के पारंपरिक स्वरुप पर एक नई किताब 'टेस्ट क्रिकेट : अ क्रिस्टी' में 1877 से टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत के बाद से अब तक खेल में आए बदलावों और खिलाड़ियों के संस्मरणों को कलमबद्ध किया गया है। हैशे द्वारा प्रकाशित टिम विगमोर की किताब में महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, पैट कमिंस, माइकल होल्डिंग, मुथैया मुरलीधरन, केविन पीटरसन, इयान चैपल और डेल स्टेन के इंटरव्यू भी हैं। प्रकाशक ने एक बयान में कहा, 'बॉडीलाइन से बैजबॉल तक, वेस्टइंडीज क्रिकेट का सुनहरा दौर, शेन वॉर्न से इयान बॉथम तक पाठकों को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानने को मिलेगा।

सुपरबेट रैपिडः प्रज्ञानानंदा पर होंगी सबकी निगाहें

वारसॉ। ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत शनिवार से यहां शुरू होने वाले सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन शिरकत नहीं करेंगे जिससे सभी की निगाहें भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा पर लगी होंगी। हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्रज्ञानानंदा खिताब के लिए दावेदारों में शामिल हैं और कार्लसन की अनुपस्थिति से उनकी संभावनायें मजबूत हुई हैं। ईरानी से फ्रांसीसी बने अलीरेजा फिरौजा भी खिताब जीतने के लिए बेकरार हैं जबकि उनके हमवतन मैक्सिम वचियर-लाग्रेव पिछले दशक में फ्रांसीसी खिलाड़ियों की विरासत को बरकरार रखना चाहेंगे। दस खिलाड़ियों में केवल दो भारतीय प्रतिस्पर्धी हैं। देखना होगा कि इस साल ग्रैंड शतरंज टूर कौन जीतेगा। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 175000 अमेरीकी डालर है। 'स्पीड शतरंज' में अपनी सटीकता के कारण प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन देखने वाला होगा।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात	8	6	2	12
दिल्ली	8	6	2	12
मुंबई	9	5	4	10
बेंगलुरु	8	5	3	10
पंजाब	8	5	3	10
लखनऊ	9	5	3	10
कोलकाता	8	3	5	6
राजस्थान	8	2	6	4
हैदराबाद	8	2	6	4
चेन्नई	8	2	6	4

ऑरेंज कैप

साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप

प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

खबर संक्षेप

52 साल के हुए तेंदुलकर प्रशंसकों ने दी बधाई

नई दिल्ली। सचिन तेंदुलकर के 52वें जन्मदिन पर, ट्विटर पर क्रिकेट प्रेमियों और उनके प्रशंसकों ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सचिन को क्रिकेट के भगवान और मास्टर ब्लास्टर जैसी उपाधियों से सम्मानित किया और उनकी शानदार करियर की सराहना की। सचिन तेंदुलकर का जन्म 24 अप्रैल 1973 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उन्होंने 1989 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया और 2013 में रिटायर हो गए। उन्होंने 200 टेस्ट मैच खेले और कुल 663 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उनके नाम 100 अंतरराष्ट्रीय शतक और 34,347 रन (वनडे और टेस्ट) हैं। आज वह 52 साल के हो गए।

पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे

अम्मान। पांच भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर 15 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में नेल्सन के (55 किलो) ने पहले दौर में चीनी ताइपै के वांग शेंग यांग को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के आधार पर हराया।

अभिजीत (61 किलो) और लक्ष्य फोगाट (64 किलो) ने किर्गीस्तान और जोर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। लड़कियों में प्रिंसी (52 किलो) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा को 5-0 से हराया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किलो) ने यूक्रेन की सेनिया साविना को आरएससी पर मात दी।

खिलाड़ियों के लिए डिजिलॉकर शुरू

नई दिल्ली। रिकॉर्ड रखने की प्रक्रिया को सरल बनाने की कवायद के तहत खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिलॉकर सुविधा शुरू करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघों के लिए अगले एक साल के भीतर खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों को डिजिटल रूप देना अनिवार्य होगा। मांडविया ने 40 राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों और भारोत्तोलक मीराबाई चानू और कुछ खिलाड़ियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप से इस पहल की शुरुआत की।

आईपीएल : राजस्थान रॉयल्स की लगातार पांचवीं हार

बेंगलुरु की घर में पहली जीत, हेजलवुड के चार विकेट, कोहली और पडीक्कल के अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से शिकस्त देकर इस सत्र में घरेलू मैदान पर पहली जीत का स्वाद चखा। आरसीबी 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के भी 12-12 अंक हैं। राजस्थान रॉयल्स की यह लगातार पांचवीं हार थी।

इससे पहले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (70 रन) और देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी से आरसीबी ने पांच विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर राजस्थान रॉयल्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। उसके लिए यशस्वी जायसवाल (49 रन), रियान पराग (22 रन), नीतिश राणा (28 रन) और वैभव सूर्यवंशी (16 रन) और ध्रुव जुरेल ने आरसीबी के गेंदबाजों की खूब धुनाई की।

हेजलवुड मैच के हीरो

हेजलवुड ने 17वें और 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी कर आरसीबी को मैच में वापसी कराई। शुभम दुबे और जुरेल ने 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार पर 22 रन जुटाए जिससे राजस्थान को जीत के लिए दो ओवर में केवल 18 रन चाहिए थे। लेकिन 19वें ओवर में हेजलवुड ने महज एक रन देकर दो विकेट झटके जिसमें जुरेल (47 रन) का विकेट भी शामिल था। इससे आरसीबी की जीत सुनिश्चित हुई। जुरेल रिव्यू के बाद आउट हुए और फिर हेजलवुड ने अगली गेंद पर जोफ्रा आर्चर का विकेट झटका जबकि अंतिम ओवर में यश दयाल ने शुभम दुबे (12 रन) और वानिंदु हसारंगा (01) को आउट किया।

कोहली ने रचा इतिहास

मैच में विराट कोहली ने 14 रन बनाते ही एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 3500 रन पूरे किए। वह एक वेन्यू पर 3500 टी20 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। विराट ने 42 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के भी लगाए। टी20 में एक मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम हैं। उन्होंने शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में 3373 रन बनाए हैं।

भारत ने देश में रोका पीएसएल का प्रसारण, हटाए कर्मचारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में पीएसएल के प्रसारण पर रोक लगा दी है। इसके एक दिन पहले बुधवार को भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया और सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं अटारी चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया है। अब पाकिस्तान को एक और झटका दिया गया है। यह पाकिस्तान सुपर लीग से जुड़ा हुआ है।

दरअसल , मैच की लाइव स्ट्रीमिंग करने वाला प्लेटफॉर्म फैनकोड भारत में अब पाकिस्तान सुपर लीग 2025 का प्रसारण नहीं करेगा। यह निर्णय गुरुवार से लागू हो गया है। बता दें कि फैनकोड भारत में पाकिस्तान की क्रिकेट लीग का ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर था। पहलगाम में हुई घटना के बाद फैनकोड ने यह कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

हालांकि, भारत से लेकर पाकिस्तान तक के क्रिकेटर ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान में इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां सीजन खेला जा रहा है। लीग में अब तक 13 मुकाबले खेले जा चुके हैं। अब तक भारतीय फैंस फैनकोड पर पीएसएल का लाइव प्रसारण देख रहे थे। 10वें सीजन में 6 टीमों के बीच कुल 34 मुकाबले खेले जाने हैं। 18 मई को पीएसएल का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

प्रसारण दल में दो दर्जन से अधिक भारतीय नागरिक

कराची। *पाकिस्तान सुपर लीग के प्रसारण पर आने वाले दिनों में संकट आ सकता है क्योंकि पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण सीमा पार तनाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े सभी अनुभवी भारतीय दल के सदस्यों को बदला जा सकता है। पीसीबी के एक चिंतित सूत्र ने कहा, 'पीएसएल के प्रोडक्शन और प्रसारण दल में दो दर्जन से अधिक भारतीय नागरिक शामिल हैं इसलिए उन्हें बदलने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।*

आप आतंकियों को पालते हैं पीएम पर भड़के कनेरिया

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में टूरिस्ट पर हुए आतंकी हमले के बाद अपने देश के प्रधानमंत्री को जमकर लताड़ा। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने भी इस आतंकी हमले के बाद मृत लोगों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ पर गंभीर आरोप लगाए। दानिश कनेरिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि इस घटना के बाद आपने अचानक सेना को हाई अलर्ट पर रख दिया क्योंकि सच क्या है आप जानते हैं। आप आतंकियों को पालते हैं और रखते हैं, आपको शर्म आनी चाहिए। आपको बता दें कि दानिश कनेरिया पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कुछ बेहद सफल स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं। हालांकि फिक्सिंग कांड और टीम में धर्म के नाम पर भेदभाव की वजह से उनका क्रिकेट करियर जल्दी ही खत्म हो गया था। इसके साथ ही दानिश कनेरिया अब पाकिस्तान में नहीं रहते हैं। वह अपने परिवार के साथ अमेरिका में अब रहते हैं। दानिश हमेशा की भारत के लिए खुलकर बोलते रहे हैं और इस बार भी उन्होंने आतंकियों की कायराना हरकत के बाद भारत के लिए खुलकर बोला और पाकिस्तान की जमकर बुराई की।

गेल मोनफिल्स जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

मैड्रिड। इटली के किशोर खिलाड़ी फेडरिको सिना ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कोलमैन वोंग को सीधे सेटों में हराकर अपनी दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत हासिल की। गेल मोनफिल्स इस प्रतियोगिता के इतिहास में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय मोनफिल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए क्वालीफायर बोर्ना गोजो को 1-6, 6-2, 6-4 से हराकर 2022 के बाद मैड्रिड में अपनी पहली जीत दर्ज की।

अनिमेष ने 200 मीटर में जीता सोना चित्रावेल खेलेंगे वर्ल्ड चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

ओडिशा के धावक अनिमेष कुजूर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन 200 मीटर दौड़ में 20.40 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

पुरुष 100 मीटर के रजत पदक विजेता 21 साल के कुजूर ने अमलान बोरगोहेन के 20.52 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। रिलायंस का प्रतिनिधित्व कर रहे बोरगोहेन 20.80 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पुरुष त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल ने 17.37 मीटर के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और इस साल टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। जेएसडब्लू का प्रतिनिधित्व कर रहे तेइस साल के चित्रावेल ने अपने तीसरे प्रयास में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने वाली कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इससे पहले मई 2023 में क्यूबा के हवाना में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। चित्रावेल इस दौरान सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के 17.22 मीटर के क्वालीफाइंग स्तर को भी हासिल करने में सफल रहे।

परिस्थितियों का सही आकलन नहीं किया

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि शीर्ष क्रम का नाटकीय पतन और पिच का गलत आकलन इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस से उनकी करारी हार में निर्णायक साबित हुआ।

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI
(Ordinary Original Civil Jurisdiction)
CS(OS) No. 84/2024
Ms. Manju Dhar And Ors. .... Plaintiffs
Versus
Mr. Anjan Kumar Bhattacharya And Ors.
.....Defendants

To
Defendant No. 16 :-
Mr. Dilip Mukherjee, S/o Late Mr. Chandra Kanta Mukherjee R/o: C/o Ms. Mita Banerjee, M. No. NG-19, Rajasv Colony, Ram Pur Korba, Distt. Korba-495677 (Chhattisgarh).

WHEREAS the above named Plaintiffs have instituted a suit for PARTITION, POSSESSION, MESNE PROFITS AND PERMANENT INJUNCTION against the above named defendant and whereas it has been shown to the satisfaction of the Court that it is not possible to serve you in the ordinary way, therefore, this notice is given by publication directing you, the above named defendant to make appearance before the **Court of Joint Registrar (Judicial) on 19th day of May, 2025 at 11.00 a.m.**
Take notice that in default of your appearance on the day mentioned above, the suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court, in terms of order dated **19.03.2025.**
Assistant Registrar (0)
For Registrar General

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र. 02/न.पा.नि./जोन क्र. 3/2025-26 दिनांक 24/04/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 14.05.2025 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :–

निविदा क्रमांक/सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि
167334	जोन क्र. 03 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नाली मरम्मत एवं अन्य सिविल कार्य।	20.00	14 / 05 / 2025
167335	जोन क्र. 03 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सड़क मरम्मत कार्य।	20.00	14 / 05 / 2025
167336	वार्ड क्र. 19 कस्तुरबा नगर के पास सामुदायिक भवन में अन्य निर्माण कार्य।	10.00	14 / 05 / 2025

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https:/eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.3
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 392/लो.क.वि./न.पा.नि./2025 रायगढ़ दिनाँक 24/04/25

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि. क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
01	167421	नगर पालिक निगम, रायगढ़ हेतु 26 जनवरी, 15 अगस्त, निर्वाचन एवं अन्य कार्यक्रम में लाईट, माईक, साउण्ड आदि की व्यवस्था कार्य हेतु।	17.50	16-05-2025
02	167423	नगर पालिक निगम, रायगढ़ हेतु 26 जनवरी, 15 अगस्त, निर्वाचन एवं अन्य कार्यक्रम में टेण्ट, कुर्सी, गेट आदि की व्यवस्था कार्य हेतु।	17.50	16-05-2025

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

पहलगाम हमले में मौत को छूकर बचे कई परिवारों ने सुनाई आपबीती

खाने में ज्यादा नमक, घोड़े आने में देरी से बची जान

कश्मीर में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में गई है 26 टूरिस्ट की जान

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित पहलगाम में मंगलवार को हुए हमले में आतंकियों ने 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब सैकड़ों सैलानी मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से मशहूर बैसरन के खूबसूरत मैदानों का दीदार कर रहे थे। हमले के बाद ऐसी कई कहानियां सामने आ रही हैं जहां लोगों ने घटना से ठीक पहले के क्षणों को याद कर बताया है कि किस तरह अगर उनके साथ कुछ मामूली असुविधाएं नहीं हुई होती वे भी हमले वाली जगह मौजूद होते और उन्हें भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता था।

रोगन जोश का नमक

कोच्चि से कश्मीर घूमने आए एक परिवार को भी किस्मत का साथ मिला। 11 लोगों का यह परिवार 19 अप्रैल को कश्मीर पहुंचा था। परिवार की एक सदस्य लावण्या ने बताया, 'मंगलवार को हम श्रीनगर से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित पहलगाम जा रहे थे। हम उस सुबह थोड़ी देर से निकले। चूंकि हमने पिछले दो दिनों से दोपहर का खाना नहीं खाया था, इसलिए मेरे पति ने जोर देकर कहा कि हम बैसरन जाने से पहले कुछ खा लें, जो कि केवल 15 मिनट की दूरी पर है।इसके बाद उनका परिवार रोड के किनारे एक होटल में रुका। उनके ऑर्डर किए हुए रोगन जोश में उन्हें नमक जरूरत से ज्यादा लगी। इसके बाद होटल के कर्मचारियों ने उन्हें दूसरी प्लेट देने की पेशकश की। इस तरह दोबारा ऑर्डर तैयार होने में उन्हें एक घंटे की देरी हो गई। थोड़ी देर बाद ही उन्हें पता चला कि बैसरन के मैदान में एक बड़ा आतंकवादी हमला हुआ है। अब वह ऊपर वाले का शुक्रिया अदा कर रहे हैं।

'घोड़े' ने बचाई जान

महाराष्ट्र से कश्मीर घूमने आए 28 लोगों के एक समूह को भी किस्मत ने ही बचाया। लोगों ने बताया कि कैसे उन्हें समय पर घोड़ा नहीं मिल पाया जिसकी वजह से उन्हें बैसरन पहुंचने में थोड़ी देर हो गई। इस समूह में कोल्हापुर, सांगली, रत्नागिरी और पुणे के कुछ लोग थे। समूह के साथ आए कोल्हापुर के सुरेंद्र दत्तात्रेय सापले ने बताया, "हम सिर्फ इसलिए बच गए क्योंकि हमें समय पर घोड़े नहीं मिले।" एक अन्य सदस्य अनिल कुराने ने बताया, "घोड़ों के मालिकों ने शुरू में हम से एक राइड के लिए 3,200 मांगे। हम 15 मिनट तक मोल-भाव करते रहे। इसके बाद जब दूसरे घोड़े आए तो हमने सफर शुरू किया। करीब 500 मीटर बाद ही हमारा ड्राइवर पीछे से चिल्लाता हुआ आया कि आगे गोलीबारी हो रही है, मत जाओ!'

बाल-बाल बचे नवविवाहित जोड़े

इस तरह जयपुर से आए एक नवविवाहित जोड़े की जान भी किस्मत से ही बची। मिहिर और कोमल सोनी बैसरन में भेलपुरी लेकर अकेले में समय बिताना चाहते थे इसीलिए वे भीड़ से थोड़ा अलग हट गए। मिहिर ने बताया, "सब कुछ बहुत शांत था। हमने भेलपूरी खरीदी और एक शांत कोने में बैठकर नजारे का आनंद ले रहे थे। तभी अचानक हमने गोलियों की आवाज सुनी। लोग चीखने-चिल्लाने लगे और भागने लगे। हम भी वहां से तुरंत अलग हो गए।

अब पाक सरकार का एक्स हैंडल ब्लाक मेडिकल वीजा भी 29 तक ही रहेंगे वैध

पहलगाम हमले के बाद एक्शन में सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने भारत सरकार एक्शन में आ गई है। पाक को एक और झटका देते हुए भारत में उसका आधिकारिक एक्स हैंडल ब्लॉक कर दिया गया है। गौरतलब है भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रभाव से वीजा सेवाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल 2025 से रद्द कर दिए जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित वीजा की अवधि समाप्त होने से पहले भारत छोड़ देना चाहिए। भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह दी जाती है।

खास बातें

- 27 अप्रैल 2025 से रद्द कर दिए जाएंगे सभी मौजूदा वैध वीज़ा
- विदेश मंत्रालय ने सीसीएस की बैठक के बाद दी जानकारी

अटारी बार्डर के पैसेंजर टर्मिनल का माहौल।

राजनयिक संबंधों में आई कमी

भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कम कर दिया और कई कड़े फैसले लिए जिसमें पाकिस्तानी सैन्य अताशे को निष्कासित करना, 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना और अटारी-वाघा चेक पोस्ट को तत्काल बंद करना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ इन उपायों पर निर्णय लिया गया। विदेश मंत्रालय ने सीसीएस की बैठक के बाद कहा कि वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित वीजा की अवधि समाप्त होने से पहले भारत छोड़ देना चाहिए। भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह दी जाती है। वर्तमान में पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है। साथ ही भारत में पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने और पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

भारत के एक्शन से घबराया पाक

वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को प्रमुख मंत्रियों और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के मुताबिक, पाकिस्तान ने वाघा बॉर्डर को बंद किया। पाकिस्तान ने शिमला समझौते से हटने की धमकी दी।पीएम शाहबाज शरीफ ने पाकिस्तान में भारत के राजनयिक कम किए और उन्हें 30 अप्रैल तक देश छोड़ने को कहा। पाकिस्तान ने सिंधु जल समझौते को रद्द करने को युद्ध की घोषणा बताया। साथ ही पाकिस्तान ने भारत के लिए अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। इस्लामाबाद ने सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर भारतीयों के लिए सार्क वीजा छूट योजना के तहत वीजा निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान ने भारत के साथ 'सभी व्यापार' निलंबित कर दिया है, जिसमें तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार भी शामिल हैं।

पाकिस्तान को एक और झटका, भारत में एक्स हैंडल ब्लॉक

'पहलगाम आतंकी हमले' के बाद भारत की 'मोदी सरकार' एक्शन मोड में है। पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए केंद्र सरकार कड़े फैसले ले रही है। भारत ने साफ कर दिया है कि अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। गुरुवार को भारत में पाकिस्तान सरकार का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' हैंडल ब्लॉक कर दिया गया है। आईटी मंत्रालय की अपील पर एक्स ने कार्रवाई की है।

पॉपुलर प्लेटफॉर्म है 'एक्स'

एक्स प्लेटफॉर्म सोशल मीडिया का पॉपुलर प्लेटफॉर्म पर है। एक्स पर दुनियाभर के नेता और सरकारों के वेरिफाइड अकाउंट बने हैं। इन अकाउंट के जरिए वे अपने देश के फैसले और अन्य जानकारी देती हैं। भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की रिक्वेस्ट एलन मस्क के एक्स प्लेटफॉर्म ने भारत में पाक सरकार के एक्स अकाउंट को बंद कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर में 24 घंटे में तीसरा एनकाउंटर एक जवान शहीद

सुरक्षाबलों ने उधमपुर में आतंकियों को घेरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटे में लगातार तीसरा एनकाउंटर चल रहा है। सुरक्षाबलों ने उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में कुछ आतंकियों को घेर लिया है।

आतंकवादियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मुठभेड़ में सेना का एक हवलदार शहीद हो गया। व्हाइट नाइट कॉर्प्स और एलजी मनोज सिन्हा ने एक्स पर रैंक 6 पारा एसएफ के शहीद हवलदार झंटू अली शेख को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा - मुठभेड़ में फायरिंग के दौरान हमारे एक बहादुर को गंभीर चोटें आईं और बाद में इलाज के समय उसकी मौत हो गई। एनकाउंटर ऑपरेशन अभी भी जारी है। उधर, जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कुछ ओजीडब्लू पुलिस और गैर स्थानीय लोगों पर हमला करने का मौका तलाश रहे थे। बांदीपोरा पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और जिले में विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी की थी। नाका चेकिंग के दौरान मोहम्मद रफीक खांडे और मुख्तार अहमद डार को पकड़ा।

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मून पर रिश्वत का आरोप

सियोल। दक्षिण कोरिया के अभियोजकों ने बृहस्पतिवार को पूर्व राष्ट्रपति मून जेई-इन पर रिश्वत का आरोप लगाया और कहा कि मून के कार्यकाल के दौरान एक किफायती एयरलाइन ने उनके दामाद को आकर्षक नौकरी देकर भारी फायदा पहुंचाया था। मून पर अभियोग शुरू होने के बाद वह भी दक्षिण कोरिया के नेताओं की फेहरिस्त में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के अंत में या पद छोड़ने के बाद मुकदमों या घोटालों का सामना किया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी

नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

GALAXY BUILDCONN
PRESENTS

PCGRERA120224001726

Special Gift HONDA ACTIVA

3 दिवसीय आवास मेला

समय सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

25|26|27 अप्रैल, 2025

मेला स्थल : बिरकोना रोड, आशाबंद, सरकण्डा, बिलासपुर

शहर के जाने-माने बिल्डर गैलेक्सी बिल्डकॉन अपनी आलिशान टाउनशिप ड्रीम रेसीडेंसी पर लेकर आएं आवास मेला ख़ास आपके लिए।
अब दिनांक 25, 26, 27 अप्रैल को आवास मेले में आइए और अपने सपनों के घर के साथ-साथ शानदार होण्डा एक्टिवा जीतने का मौका पाइए।

PAST PRESTIGIOUS PROJECT

Dream City | Dreamz Imperia a perfect destination | Dream's ENCLAVE YOU DREAM..... WE MAKE IT TRUE...

DREAMS RESIDENCY
LUXURIOUS LIVING

रेसिडेंशियल | सेमी-कमर्शियल | प्लॉट्स | विलाज़

2BHK, 3BHK & 4BHK
Conceptual House Plan के साथ...

Site: Birkona Road, Ashaban, Sarkanda, Bilaspur

AdPRAYAS

FACILITIES AVAILABLE
- Secured Campus
- Party Lawn/garden
- Boundary Wall and Security Guard
- Club House - Community Hall
- Entrance Gate With Security Cabin
- Power Backup For Common Area
- Senior Citizen Area
- Gym • Guest House
- Kids Play Area • Jogging Track
- Welcome Fountain
- Badminton Court
- Pergola Meeting

Star Buildcon
Build your dreams . . .

2nd Floor, Shri krishna Complex,
Near Vishal Mega Mart, Sipat Road, Bilaspur

Marketing by
vision vistara
REAL ESTATE, REDEFINED
CGRERA141024A000833

77355 53000
98261 40015
88277 81132

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com